DISINTEGRATION OF THE SOCIALIST BLOC – A CRITICAL STUDY OF THE COMMUNIST PARTY OF CHINA'S RESPONSE AND INTERPRETATION

Dissertation submitted to Jawaharlal Nehru University in partial fulfillment of the requirements for the award of the Degree of

MASTER OF PHILOSOPHY

NAVEEN CHANDER

CENTER FOR EAST ASIAN STUDIES

School of International Studies

Jawaharlal Nehru University

India

2002

CENTRE FOR EAST ASIAN STUDIES
SCHOOL OF INTERNATIONAL STUDIES
JAWAHARLAL NEHRU UNIVERSITY
NEW DELHI - 110 067 INDIA

Telegram : JAYENU
Phones Off. : 6107676, 6167557 Extn. 2346

Fax: 91-11-616 5886
91-11-616 2292

Date 29th July 2002

CERTIFICATE

This dissertation entitled "DISINTEGRATION OF THE SOCIALIST BLOC – A CRITICAL STUDY OF THE COMMUNIST PARTY OF CHINA'S RESPONSE AND INTERPRETATION" is submitted by NAVEEN CHANDER in partial fulfillment of six credits for the degree of MASTER OF PHILOSOPHY of this University. This dissertation is his original work according to the best of our knowledge and has not been submitted for any other degree of this University or any other University. We recommend that this dissertation be placed before the examiners for evaluation

Lalima Varma		
Dr. Lalima Verma	**Prof. G.P. Deshpande**	**Dr. Alka Acharya**
(Chairperson)	**(Supervisor)**	**(Co-Supervisor)**

अनुक्रमणिका

पृष्ठ संख्या

प्राक्कथन i-vi

भूमिका vii-ix

अध्याय - 1: 1-14

समाजवादी ब्लॉक का बिखराव : एक संक्षिप्त रूपरेखा

अध्याय - 2 : 15-35

अंतर्राष्ट्रीय परिस्थिति में बदलाव व चीन पर उसका प्रभाव

अध्याय - 3 : 36-62

समाजवाद निर्माण के विभिन्न अनुभवों पर
चीनी और सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी के विचार

अध्याय - 4 : 63-88

समाजवादी ब्लॉक का बिखराव व चीनी कम्युनिस्ट पार्टी
की प्रतिक्रिया

निष्कर्ष : 89-96

संदर्भ-ग्रंथ सूची 97-107

प्राक्कथन

इस अध्ययन की विषय-वस्तु मूलतः प्राथमिक क़िस्म की है तथा साथ ही कई मायनों में सीमित भी है। प्रस्तुत अध्ययन का आधारभूत उद्देश्य मुद्दों व सवालों को रेखांकित करने का है। चूंकि इस विषय पर अध्ययन बहुत सीमित हुआ है ; अतः प्रस्तुत अध्ययन में कोई महत्वपूर्ण व निष्कर्षात्मक टिप्पणी देना न केवल अव्यवहारिक होगा अपितु अध्ययन की सीमितता के चलते अनुचित भी। इस सीमित अध्ययन की कोशिश सोवियत संघ के समाजवादी ब्लाक के रूप में बिखराव से उत्पन्न हुई राजनीतिक परिस्थितियों से उपजे मुद्दों को चीनी संदर्भ में रेखांकित करना भर है ।

समाजवादी ब्लाक के बिखराव व चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की प्रतिक्रियाओं और व्याख्याओं से सम्बंधित यह प्रस्तुत अध्ययन, दरअसल उन सवालों से निकला जो अक्सर 1991 के सोवियत विखंडन के बाद अध्ययन के लगभग हर क्षेत्र से उठने लगे। न सिर्फ़ यह सवाल अकादमिक रूप से उठे बल्कि यह सवाल उन जनआन्दोलनों से भी उठे जो मौजूदा व्यवस्था के विकल्प की बात तो करते हैं, परन्तु समग्र बदलाव के समाजवादी चिंतन व अनुभव को नकार देते हैं, जहाँ एक और उनके चिंतन व बदलाव की भाषा तो उसी विरासत की है जो रूस चीन आदि समाजवादी देशों ने स्थापित की, परन्तु अपने मूल में यह भाषाई अनुकरण ही साबित हो रहा है। मूलतः बदलाव की आकाँक्षा से प्रेरित सोचों में नई सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक व्यवस्था की बात तो है ; परन्तु उस इतिहास से एक ख़ास क़िस्म का अलगाव है, जिस इतिहास को, बदलाव की आकांक्षा रखने वाले आंदोलनों व आम लोगों ने स्थापित किया। इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि समग्र बदलाव का एकमात्र इतिहास सिर्फ़ 1917, 1949 या पूर्वी यूरोप ही रहा है। न ही यहाँ यह तात्पर्य है कि 19 वीं सदी में पूंजीवादी व्यवस्था के विरोध में जिन विभिन्न व्यवस्थाओं की समाजवाद के रूप में स्थापना की गई, उस आधार पर आन्दोलन या उस वैचारिक दिशा का अनुकरण नहीं रहा ।

दरअसल यह दोनों धाराएं एक साथ मौजूद हैं, परन्तु दोनों तरह की वैचारिक सोच और बदलाव की आकाँक्षा से प्रेरित आन्दोलन एक महत्वपूर्ण रूप से पिछली सदी में मार्क्सवादी विचार-धारा व समाजवादी व्यवस्था के अुनभवों व प्रयोगों से जुड़े हैं और प्रभावित भी हैं। और यही वह बिन्दु हैं जहाँ से फ़िलहाल संक्षिप्त, पर अध्ययन के स्तर पर एक व्यापक सवाल खड़ा होता है। जहाँ तक ग़ैर-मार्क्सवादी और समाजवादी व्यवस्थाओं के बदलाव का इतिहास है, वह, ऐतिहासिक रूप से कहें तो, अन्ततः कोई वैकल्पिक व्यवस्था की (और वैकल्पिक भी अधिकांश हाशिए पर पड़े लोगों के संदर्भ में) स्थापना नहीं कर पाया, मूल रूप से व्यवस्था 'रूप' के स्तर पर बदलाव के बाद भी आन्तरिक रूप से पूंजीवादी या बुर्जुआ ही बनी रही और यह सवाल या कहें गैर-मार्क्सवादी और समाजवादी व्यवस्थओं की अपूर्णता समसामयिक परिदृश्य पर भी स्पष्ट है, कहने का मूल तात्पर्य यह है कि बदलाव प्रेरित ग़ैर-मार्क्सवादी विचारधाराएं या आन्दोलन कोई वैकल्पिक (पूंजीवाद के संदर्भ में) व्यवस्था का निर्माण नहीं कर पाए, और यह स्थिति आज भी भारत सहित दुनिया भर के अनेक जन-आन्दोलनों के बारे में कही जा सकती है।

दूसरा, बदलाव से प्रेरित वह आन्दोलन जो मार्क्सवादी विचारधारा व समाजवाद के इतिहास से स्वयं को जोड़ते हैं , उन आन्दोलनों को विचारधारा के साथ-साथ अस्तित्व बनाए रखने का संघर्ष करना पड़ रहा है, वह चाहे संसदीय लोकतंत्र के जरिए बदलाव चाहने वाली कम्युनिस्ट पार्टियाँ हो या वर्ग संघर्ष के हथियारबंद संघर्ष के ज़रिए क्रांति की सोच वाले साम्यवादी आन्दोलन हों। संक्षेप में कहें तो, समाजवादी देशों के अन्दर विभिन्न क़िस्म के प्रतिरोधों के चलते 1989 से 1991 तक जो समाजवादी ब्लॉक का बिखराव हुआ ; उसने न केवल विचारधारा की प्रासंगिकता के सवाल को मार्क्सवाद के संदर्भ में उठाया बल्कि विभिन्न देशों में कम्युनिस्ट पार्टियों की वैधता व स्वीकार्यता पर भी सवाल उठने लगे और उसी के एक प्रभाव के रूप में मौजूदा "मार्क्सवादी" आन्दोलन राजनीतिक सैद्धान्तिक रूप से कमजोर हुए हैं। और जो समाजवादी देश चाहे वह किसी भी रूप में हो बचे रहे

वह हर तरह से आर्थिक, राजनैतिक बदलाव के बतौर ही बचे रह पाए हैं। चाहे वह चीन हो, क्यूबा या अन्य कोई।

कुल मिलाकर एक और महत्तवपूर्ण बिन्दु यह है कि वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में समाजवाद का दुनिया भर में क्षरण हुआ, दूसरी तरफ बदलाव को मुखातिब आन्दोलनों के मौजूद होते हुए भी यह आन्दोलन कम्युनिस्ट पार्टी या मार्क्सवादी विचारों के नेतृत्व में नहीं है। इसी में महत्वपूर्ण यह भी है कि न तो कोई वैकल्पिक विचारधारा जो मौजूदा व्यवस्था के ख़िलाफ़ हो अस्तित्व में आती दिखती है और न ही गुणात्मक स्तर पर सामाजिक बदलाव होते दिख रहे हैं । वैश्विक पूंजीवाद के ख़िलाफ़ जन-आन्दोलन महज विरोध की सीमा तक है, वही पितृसत्ता व पूंजीवाद के विरूद्ध महिला आन्दोलन मूलतः स्वतन्त्र क़िस्म में दिशामान है । मूलतः अलग-अलग क़िस्म के विरोध स्वतंत्र रूप से स्वयं को प्रदर्शित तो करते रहे हैं, पर समग्र बदलाव की कोई विचारधारा व दिशा नही दिखती।

इस नयी परिघटना जो कि अपने मूल में पूंजीवाद विरोधी है पर इस विरोध में विचारधारा के रूप में मार्क्सवाद से अलगाव दरअसल पिछली सदी की समाजवादी व्यवस्थाओं की कमजोरियों व नाकामियों की भी उपज है । समाजवादी निर्माण के काल में रूस और चीन से लेकर पूर्वी यूरोप अफ्रीका, लैटिन अमेरीका तक समाजवाद पर ग़ैर-जनतांन्त्रिक होने के आरोप लगते रहे और इस विमर्श में कुछ हद तक तथ्य भी है । इसी के एक प्रभाव के चलते आधुनिकता की समाजवादी व्याख्या, व प्रयोगों पर सवाल उठे। इस के चलते दुनिया के तमाम ऐसे मुक्ति संघर्ष जो आम-आदमी से जुड़े हैं, मार्क्सवादी विचारों से प्रभावित होते हुए भी अलगाव की स्थिति में हैं ।

यहाँ कुछ महत्वपूर्ण सवाल खड़े होते हैं, जिन सवालों के एक संक्षिप्त पर महत्वपूर्ण दायरे में यह अध्ययन भी आता है, वह सवाल हैं, यदि मार्क्सवाद समतामूलक समाज को स्थापित करने की विचारधारा है, यदि समाजवाद अधिकांश आम लोगों के विकास का दावा करता हे तो २० वीं

सदी में 1917 की रूसी क्रान्ति व पूंजीवाद के मरणासन्न की घोषणा करने वाला रूस व तमाम पूर्वी यूरोप क्यों समाप्त हो गया ? समाजवादी देशों की कम्युनिस्ट पार्टियों के शासन को लाखों लोगों ने नकार कर सदी के समाप्त होते-होते स्वयं निर्मित व्यवस्थाओं को क्यों उखाड़ फेंका ? समाजवादी प्रयोगों निर्माण की क्या पेचीदगियाँ थीं जिनके चलते वह अपने वर्ग-रहित-राज्य-विहीन साम्यवादी समाजों के निर्माण से पहले ही ध्वस्त हो गई ? जो देश इस दौर में बचे रहे वह किन अर्थों में मार्क्सवादी होते हुए भी अस्तित्व में हैं और इस तरह के कई सवाल, जो अन्ततः समाजवाद के प्रयोगों के विस्तृत पड़ताल की माँग करता है, अलग-अलग रूपों में उठते हैं । यहां सवालों का यह प्रस्तुत अध्ययन जो परिघटना के स्तर पर इन सवालों से जुड़ा है; सीमित अर्थों में कुछ सवालों को रेखांकित करने की कोशिश है । दरअसल इन व्यापक सवालों के रूप में यह जानना बहुत महत्वपूर्ण है कि जिस दौर में समाजवादी देशों का एक व्यवस्था के रूप में पतन हुआ, कम्युनिस्ट पार्टियों की स्वीकार्यता पर प्रश्न चिन्ह लगे, साथ ही विचारधारा के सन्दर्भ में मार्क्सवाद की अप्रासंगिकता के मुद्दे उठे, उस दौर में जो देश इससे बचे रह पाए उसकी क्या वजहें थीं जिन की सीमित अर्थों में वह समाजवादी है या तब थे, इन तमाम दौर में स्वयं को कैसे विकसित कर पाए । यहाँ यह बात मूलतः फिलहाल चीन के ही संदर्भ में कही जा रही हैं। इसके साथ-साथ एक महत्वपूर्ण मुद्दा तत्कालीन कम्युनिस्ट देशों की पतन के इस दौर पर प्रतिक्रिया व विश्लेषण से भी जुड़ता है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का समाजवाद के पूर्वी यूरोप व सोवियत संघ से समाप्त होने पर क्या विश्लेषण रहा और स्वयं के लिए उन्होंने क्या सबक निकाले ? इससे एक ओर यह जानने की कोशिश है कि इस दौर में कम्युनिस्ट पार्टियों की समाजवाद को लेकर क्या समझ थी साथ ही, तत्कालीन समय में कम्युनिस्ट पार्टियों पर बिखराव के प्रभाव को भी रेखांकित किया जा सकेगा । चीन के संदर्भ में इस अध्ययन का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह जानना होगा कि कम्युनिस्ट पार्टी की मार्क्सवादी सिद्धान्त व व्यवहार की समझ में किस तरह से बदलाव आ रहे हैं और इन बदलावों के संदर्भ क्या हैं ?

प्रथम अध्याय मूलतः उन व्यापक घटनाओं की संक्षिप्त रूपरेखा है जो 1989 से 1991 तक पूर्वी यूरोप व सोवियत संघ के विघटन के रूप में घटी। एक तरह से यह अध्याय नहीं बल्कि इस दौर में समाजवादी देशों के विघटन की प्रक्रिया का सिलसिलेवार ब्यौरा है। इस संक्षिप्त घटनाक्रम के ब्यौरे का महत्व इस बात में है कि यह चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की प्रतिक्रियाओं व विश्लेषण को वह संदर्भ प्रदान करता है जिससे वह प्रभावित हो रही थी। एक तरह से यह अध्याय अन्य तमाम अध्यायों की पष्ठभूमि का काम करता है ।

दूसरे अध्याय में मूलतः चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की सोवियत विखण्डन के बाद उत्पन्न हुई अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक परिस्थितियों में समय व उसकी विदेश नीति पर आने वाले बदलावों को रेखांकित करने की कोशिश करता है। पूर्वी यूरोप व सोवियत संघ के विघटन के पश्चात चीन बतौर एक समाजवादी देश कैसे व्यवहार करता है। मूलतः यह अध्याय सोवियत विघटन के बाद की परिस्थितियों में जहाँ एक और विश्व-व्यवस्था के चीनी आँकलन की समझ को रेखांकित करता है वही अमेरिका व दुनिया के अन्य देशों के सम्बधों में आने वाले बदलावों को समाजवादी ब्लाक के संदर्भ के रूप में देखने की कोशिश करता है ।

तीसरा अध्याय महत्वपूर्ण रूप से चीन की कम्युनिस्ट पार्टी व सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी के समाजवाद निर्माण की सैद्धांतिक समझदारियों की चर्चा करता है। दोनों देशों के समाजवाद, व मार्क्सवादी विचारधारा को लेकर जो समझ विकसित हुई । वह एक ओर सोवियत-विखंडन पूर्व की राजनीतिक आर्थिक स्थितियों को रेखांकित करता है ; वहीं दूसरी ओर चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की प्रतिक्रिया व विश्लेषण को उसकी सैद्धान्तिक समझदारी से भी जोड़ता है । मूलतः यह अध्याय सिद्धान्त और व्यवहार की उन समझदारी की चर्चा करता है जिसके आधार पर चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की समाजवादी संकट पर प्रतिक्रियाओं का विकास होता है ।

अन्तिम अध्याय जो कि समूचे अध्ययन का महत्वपूर्ण अध्याय है, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की समाजवाद के बिखराव पर विभिन्न प्रतिक्रियाओं को रेखांकित करता है । सन 1989 से 1991 तक समाजवादी ब्लाक के रूप में सोवियत संघ में हो रहे घटनाक्रमों पर चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की बदलती प्रतिक्रियाएं और विश्लेषण इस ऐतिहासिक दौर में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का समाजवादी संकट के आंकलन व पार्टी पर प्रभाव को स्पष्ट करता है। यह अध्याय महत्वपूर्ण रूप से समाजवादी व्यवस्थाओं के संकट के दौर में (जिसका हिस्सा स्वयं चीन भी था) चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के बतौर समूचे समाजवादी ब्लॉक में आ रहे बदलावों के विघटन व प्रतिक्रिया के रूप में रेखांकित करने की कोशिश करता है ।

समाजवादी ब्लॉक के बिखराव के रूप में सोवियत संघ को केन्द्र में रखने के दो महत्वपूर्ण कारण हैं, प्रथम चूंकि पूर्वी यूरोप व अन्य देशों पर प्रतिक्रियाओं को समाजवादी अध्ययन में रेखांकित करना मुश्किल भी है तथा अव्यवहारिक भी । सब कुछ समेटने के चलते कुछ भी महत्वपूर्ण न कह पाने की स्थिति होनी की सम्भावना थी । दूसरे समाजवादी आधुनिकता की जिस सोच के आधार पर समाजवादी व्यवस्थाओं का निर्माण 1917 की रूसी क्रान्ति के बाद हुआ सोवियत संघ उसका प्रेणेता होने के साथ-साथ ही एक तरह से प्रतिनिधित्व भी करता रहा था । पूर्वी यूरोप व अन्य समाजवादी देशों की आर्थिक राजनीतिक सामाजिक व्यवस्थाओं में सोवियत संघ प्रेरित समाजवादी मॉडल को आसानी से रेखांकित किया जा सकता है । अतः सोवियत संघ को समाजवादी ब्लॉक के केन्द्र के रूप में अध्ययन करना महत्वपूर्ण होगा ।

अंत में शोध की भाषा हिन्दी होने के साथ-साथ, कई जगह अंग्रेज़ी भाषा का प्रयोग किया गया है । इसकी मूल वजह दरअसल अनुवाद की सीमितता । चूंकि अधिकतर संदर्भ चीनी भाषा से अंग्रेज़ी में अनुवाद वाले हैं, ऐसे में अंग्रेज़ी से हिन्दी में अनुवाद करने से संदर्भ का सही अर्थ संप्रेषित न हो पाने की संभावना रहती है । अतः संदर्भ व सूचिकाओं को अंग्रेज़ी में दिया गया है।

भूमिका

मैं अपने पर्यवेक्षक प्रो0 गोविन्द पुरुषोत्तम देशपाण्डे व सह–पर्यवेक्षक डा0 अलका आचार्य के प्रति अति कृतज्ञ हूँ, जिनके अथाह परिश्रम, बौद्धिक क्षमताओं व सटीक मार्गदर्शन के चलते यह अध्ययन सम्पन्न हो पाया। प्रो0 देशपाण्डे के साथ लम्बे बौद्धिक विमर्शों ने अक्सर अध्ययन की दिशा को सही दिशा की ओर एकाग्र किया। उनके सानिध्य में रहकर न सिर्फ अध्ययन की तार्किक गहराइयों व पेचीदगियों को समझने में सहायता मिली, अपितु अध्ययन के सामाजिक–राजनीतिक सन्दर्भों के महत्त्व को भी नए सिरे से समझ पाया। प्रो0 देशपाण्डे के एक "बौद्धिक योद्धा" होने के साथ–साथ उनके भीतर रचनात्मक सृजनात्मक नाटककार के रूप में कार्यकर्त्ता ने मुझे हमेशा अध्ययन की सीमा के बाहर कुछ करने की प्रेरणा दी है।

डॉ0 अलका आचार्या के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए मेरे पास पर्याप्त शब्द नहीं हैं। यह कहना कम–अज–कम मेरे लिए नाकाफी है कि मेरी सह–पर्यवेक्षक के रूप में उन्होंने मेरी तमाम अराजकताओं को सहते हुए विषय–वस्तु से लेकर प्रूफ रीडिंग तक हर वह कार्य किया, जो मुझे करना चाहिए था। उनके अपार स्नेह के चलते मुझे हमेशा यह महसूस हुआ कि छात्र और अध्यापक के बीच इतना सहज सम्बन्ध किसी और के साथ सम्भव नहीं हो पाता। भाषा के रूप में हिन्दी के मेरे चुनाव को प्रो0 देशपाण्डे और अलका मैडम ने हमेशा प्रोत्साहित किया। चूँकि इस स्वतंत्रता के बगैर यह अध्ययन संभव नहीं था।

प्रो0 मनोरंजन मोहंती के समय–समय पर सहयोग से इस अध्ययन की विषय–वस्तु को स्पष्ट करने में काफी मदद मिली, छात्र जीवन की शुरुआत से एम0ए0 की कक्षाओं तक, तथा आई0सी0एस0, डी0सी0आर0सी0 में अक्सर उनके वक्तव्यों ने चीन के अध्ययन में मेरी रुचि को जागृत किया।

रवि सिन्हा, सुभाष गताड़े, डा0 संजय कुमार के साथ बौद्धिक व राजनीतिक विमर्शों ने मुझे इस अध्ययन के लिए प्रेरित किया। सुभाष गताड़े द्वारा समय–समय पर महत्त्वपूर्ण विषयों पर सामग्री ने काम में काफी मदद पहुँचाई।

डॉ0 आदित्य निगम के सहयोग व सुझावों ने अन्त तक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

PSU, PYS और स्त्री अधिकार संगठन के साथियों ने अध्ययन जारी रखने हेतु हर तरह की सहायता पहुँचाई।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष व कर्मचारियों के हमेशा सहयोग के प्रति मैं कृतज्ञ हूँ।

Chinese Studies, CSDS का मै विशेष रूप से आभारी हूँ जहाँ से अक्सर महत्त्वपूर्ण सामग्री प्राप्त हुई।

सराय के तमाम दोस्तों का सहयोग अन्त के दिन तक मिलता रहा, विशेषतः रविकान्त के सहयोग के चलते अन्तिम दिन मैं अपना कार्य पूरा कर पाया, अन्यथा यह अध्ययन पूरा करना मुश्किल था। सोहन की कई रातों की मेहनत से यह टाईप हो पाया और प्रशान्त के परिश्रम के प्रूफ रीडिंग हुआ, अन्त में अविनाश न होते तो यह अध्ययन अपने वर्तमान रूप में न आ पाता।

योगेन्द्र और ऋतु और उनके सहयोग और उनके घर गुजारी अनगिनत रातों में लम्बी बातचीत का किस रूप में शुक्रिया अदा किया जाय, पता नहीं?

भगवती, नरेश, सुरेश, वीरेन्द्र और तमाम दोस्तों ने किसी न किसी रूप में समय–समय पर मदद की। मेरे सभी क्लासमेट जबिन, अरविन्द, परिमल, विदिशा, शैलेन के साथ बहस मुबाहिसे ने जे0एन0यू0 में जीवन का बहुत आसान बनाया।

अनूप और रोस्मिन ने हर ऐन वक्त पर आर्थिक से लेकर मानसिक स्तर पर सहयोग दिया।

अपने माता–पिता, बूबू, राजू, जीवन, भाभी सभी लोगों के अपार उत्साह ने मुश्किल समय में भी मुझे पढ़ते रहने का हौसला दिया। हालाँकि यह और बात है कि उनकी चाह मुझे आई0ए0एस0 और आई0पी0एस0 बनाने की रही, जिससे मैं अब तक नफरत करता हूँ, और शायद करता रहूँ।

लोकेश के लिए मैं क्या कहूँ– क्या लिखूँ यह सोचते हुए अजीब किस्म की अनुभूति होती है और आभास होता है कि क्या उसके परिश्रम, लगन और प्रेम के बिना यह शोध पूरा हो पाता?

नवीन चन्द्र

अध्याय - 1

समाजवादी ब्लॉक का बिखराव - एक संक्षिप्त रूपरेखा

पिछली सदी संभवतः विश्व इतिहास की उन महत्वपूर्ण सदियों में गिनी जाती रहेगी; जहाँ समाज के ग़रीब और शोषित वर्गों ने अपने अधिकारों के लिए न सिर्फ़ संघर्ष किया, अपितु ऐसी व्यवस्थाओं के निमार्ण का प्रयास भी किया जो तुलनात्मक रूप से उसके मुक्ति संघर्षों की उच्चतम परिणति भी थी । पिछली सदी आधुनिकता के उस महाआख़्यान की भी सदी रही ; जहाँ पूंजीवादी आधुनिकता के बरक्स समाजवादी आधुनिकता के मूल्य स्थापित किए गए । आधुनिकता के इन मूल्यों का विकास मार्क्सवादी विचारधारा ने संभव बनाया और रूसी क्रान्ति, चीनी क्रान्ति सहित पूर्वी यूरोप के देशों में कम्युनिस्ट पार्टियों ने इन्हें अमली जामा भी पहनाया ।

लेकिन पिछली सदी इसी संदर्भ में इसके पतन की भी गवाह बनी। इतिहास के जिस दौर में यह परिवर्तन संभव हुए वह दौर सदी के एक दशक में चरमरा कर ध्वस्त भी हो गया। मुक्ति संघर्षों के उच्च आदर्श, समाजवादी व्यवस्थाएं विशाल सोवियत संघ अपने आदर्श समाज व लक्ष्यों से बहुत पहले ही समाप्त हो गया ।जिन उच्च समाज व्यवस्थाओं को जन समूहों ने अपने रक्त से निर्मित किया, उन्हीं जन समूहों ने उसकी समाप्ति भी की । आधुनिकता के जिन नए मूल्यों की स्थापना का प्रयास किया गया उन पर भी सवाल उठाए गए चाहे वह, समाजवादी जनतंत्रा की बात हो अथवा पितश्सत्ताा की समाप्ति तथा स्त्री-पुरूष समानता का मसला हो, निसन्देह, मार्क्सवादी विचारधारा के ज़मीनी प्रयोगों में स्थापित व्यवस्थाओं के भीतर से ये सवाल गंभीर रूप से उठाए गए और इसी के चलते विचारधारा और सिद्धान्त के क्षेत्र पर स्वयं आधुनिकता पर ही सवाल उठने लगे हैं । फिर चाहे वह समाजवाद की आधुनिकता ही क्यों न हो ? इसके प्रति उत्तर में दर्शन के रूप में उत्तर-आधुनिकता का विमर्श, आज मार्क्सवाद के लिए चुनौती भी पेश कर रहे हैं। जन संघर्षों द्वारा निर्मित समाजवादी व्यवस्थाओं की उपलब्धियाँ अपार संभावनाओं के साथ ही भयंकर सीमाएं और समस्याएं

भी सामने आयीं । सोवियत संघ में मूलतः जोसफ स्यलिन के काल में शुरू हुई यह सीमाएं और समस्याएं चीन, पूर्वी यूरोप व अन्य समाजवादी देशों में सामने आती रहीं ।

समाजवादी व्यवस्थाएं इन सीमाओं, समस्याओं के चलते दुनिया के अधिकतर देशों में अपने मुकाम तक पहुंचने में असफल रहीं । क्लासकीय रूप में आज समाजवाद का पतन हो चुका है । पोलेंड और हंगरी से शुरू हुआ यह पतन, पूर्वी यूरोप के तमाम समाजवादी देशों को ध्वस्त करता हुआ 1991 में सोवियत संघ तक पहुंचा और अक्टूबर क्रान्ति की इस जन्मस्थली में समाजवाद सोवियत विखंडन के साथ दिसम्बर 1991 में समाप्त हो गया ।

अपवाद के रूप से परिवर्तन के उस दौर में कुछ एक देशों के साथ चीन एक ऐसा देश रहा है जिसके समाजवादी होने या न होने के बारे में अब भी बहस है या दूसरे शब्दों में यह कह सकते हैं कि, क्रान्ति के इतिहास की उपज के रूप में चीन अब भी उस तरह समाप्त नहीं हुआ जिस तरीके से पूर्वी यूरोप व सोवियत संघ का समाजवादी ढांचा व कम्युनिस्ट शासन समाप्त हो गए । हालांकि चीन में पूंजीवाद के लक्षण आसानी से इंगित किए जा सकते हैं फिर भी कम्युनिस्ट पार्टी का शासन, राज्य का नियोजन में गहरा हस्तक्षेप व सामाजिक सुरक्षा जैसे कई मसलों पर समाजवादी व्यवस्था के लक्षण रूप आज भी मौजूद हैं । अतः विषय के रूप में चीन के समूचे घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व अध्ययन महत्वपूर्ण है, जिसमें यह समझने की कोशिश की जा सकती है कि पूर्वी यूरोप, सोवियत संघ के पतन की ऐसी पेचीदगियां रहीं जिससे चीनी कम्युनिस्ट शासन बच पाया, साथ ही राजनीतिक रूप से समूचे घटनाक्रम के प्रभाव को चीन सहित, समसामयिक मार्क्सयवादी विचारधारा के संकट को समझाया जा सके । हालांकि यह अध्ययन बहुत सीमित अर्थो में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी पर ही केन्द्रित है, और संदर्भ की प्रतिक्रिया के रूप में सोवियत संघ की घटनाएं व बदलाव ही अधिक केन्द्र में रखने की कोशिश की गई है ।

ग़ौरतलब है कि 1989 से 1991 में सोवियत संघ के विघटन तक की प्रक्रिया काफ़ी लम्बी रही है और इस दौर में चीन पर इसका प्रभाव तदनुसार प्रतिक्रियाएं की बदलती संदर्भ के हिसाब से रही है। यह प्रतिक्रियाएं, जहां एक ओर चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की उस दौर में विकसित होती है समझदारी पर रोशनी डालती है, वही यह उस दौर में हो रहे बदलावों का चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की समझदारी पर असर को भी रेखांकित करती है । स्वाभाविक रूप से 1989 से शुरू हुए इन बदलावों का चीन के राजनैतिक नीव पर पड़ा साथ ही दुनिया भर के समाजवाद का संकट, एक अर्थ में चीन का संकट भी था क्योंकि चीन भी उसी अतीत की विरासत था और ऐसा नहीं था कि यह घटनाएं सिर्फ पूर्वी यूरोप व सोवियत संघ में ही हो रही थीं दरअसल इनके प्रभाव क्षेत्र में चीन भी था । 1989 का आंदोलन जिसने समूचे चीनी राष्ट्र को झकझोरा, इसी समाजवादी संकट का हिस्सा था । अतः चीनी की कम्युनिस्ट पार्टी का प्रभावित होना बहुत स्वाभाविक था । चीन कम्युनिस्ट पार्टी के समूचे दौर के आंकलन व प्रतिक्रिया से पहले ज़रूरी है कि घटनाक्रम के विकास का अध्ययन किया जाए ।

पूर्वी यूरोप में कम्युनिस्ट शासन की समाप्ति [1]

1989 के उत्तारार्ध में पूर्वी यूरोप की उथल-पुथल ने यूरोप को एक बार फिर महत्वपूर्ण कगार पर ला खड़ा किया था । कम्युनिस्ट शासन के विरोध में जन-समूहों के व्यापक विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला शुरू हुआ । इस ऐतिहासिक बदलाव की चपेट में "पिपुल्स डेमौक्रेसी" का दावा करने वाली कम्युनिस्ट सरकारें एक के बाद एक धराशायी होती गयीं । हालैंड और हंगरी से शुरू होकर गहरे राजनीतिक बदलाव का यह सिलसिला क्रमशः पूर्वी जर्मनी, बुल्गारिया, चेकोस्लोवाकिया, रोमानिया, पूर्वी बर्लिन, लिपजिंग, सोफिया और प्राग को अपने आगोश में ले लिया । लाखों की संख्या में उमड़े जन समूहों ने इन देशों की "पिपुल्स डेमौक्रेटिक" राज्य सत्ताा को समाप्त कर दिया । "राजनीतिक आर्थिक सुधारों" की अंधाधुंध घोषणाओं के बावजूद एक के बाद एक सरकारें गिरती

प्रस्तुत अध्याय मूलतः घटनाओं का ब्यौरा है अतः संदर्भ के लिए कुछ पुस्तकों व पत्रिकाओं की सहायता ली गई है। पूरे अध्याय में सभी संदर्भों का स्रोत यही पुस्तकें और पत्रिकायें हैं।

१. हरपाल बराड़ - सोवियत संघ का पतन, संशोधनवादी नीतियों की अनिवार्य परिणति, अनु०-टी. डी. वैरिया, ग्रंथशिल्पी प्रकाशन, २०००, लोकदस्ता पत्रिका-मेन स्ट्रीम, ई.पी.डब्ल्यू, फ्रंट लाइन, कम्युनिस्ट।

गयीं और शासक पार्टियों का पुराना नेतत्व धाराशायी हो गया। दुनिया की बदलती हुई परिस्थितियों विशेषकर 1985 के गौर्बाचेव कालीन सोवियत संघ में हो रहे व्यापक बदलाव आर्थिक राजनीतिक सुधारों के इन देशों पर व्यापक प्रभाव पड़ा था।

विघटन की इस व्यापक प्रक्रिया की शुरूआत पोलैंड और हंगरी की घटनाओं से हुई थी। 24 अगस्त 1989 को पोलैंड में एक नई सरकार ने सत्ता संभाली "सॉलिडेरिटी" आन्दोलन के प्रमुख नेता तादोज मात्सोवियेच्की इस नई सरकार के प्रधानमंत्री बने थे । सत्ता की मुख्य कम्युनिस्ट पार्टी 'पोलिश यूनाइटेड वर्क्स पार्टी (पी.यू.डब्ल्यू.पी.) के हाथों से शासन, "सॉलिडेरिटी" आन्दोलन के हाथों में आ गया, जो पश्चिमी ढंग की पूंजीवादी प्रणाली का हिमायती था नयी सरकार के बनते ही सॉलिडेरिटी के सर्व प्रमुख नेता 'वालेसा' की उदघोषणा की "पहले किसी ने की समाजवाद से शुरू करके पूंजीवाद की ओर जाने वाली राह नहीं पकड़ी है । हम ठीक यही करने जा रहे हैं ।"

जनरल जारू जेल्सकी के नेतश्त्व वाली पी.यू.डब्ल्यू.पी की कम्यूनिस्ट सरकार अत्यधिक अलोकप्रिय हो चुकी थी, विकल्प के रूप में सॉलिडेरिटी आन्दोलन को व्यापक जन समर्थन मिला । ग़ौरतलब है कि सरकार बनाने से केवल चार महीने पहले तक सालिडारिटी एक ग़ैर-कानूनी संस्था थी । जन-आंदोलन के दबाव में 5 अप्रैल 1989 को इसे कानूनी मान्यता दी गई थी। ४ जून को हुए राष्ट्रीय आम चुनावों में इसे भाग लेने की अनुमति मिली जिसमें इसने पी.यू.डब्ल्यू.पी को करारी शिक़स्त दी और अगस्त में इसने अपनी ग़ैर-कम्युनिस्ट सरकार बनाई और उसमें पी.यू.डब्ल्यू.पी ने भी भागीदारी की ।

पश्चिमी देशों और मीडिया में पोलैण्ड की बहु-दलीय जनतंत्रा की स्थापना का व्यापक स्वागत हुआ । पश्चिमी जर्मनी के चांसलर कोल ने पोलैण्ड की यात्रा की और 2.4 अरब डाल के कर्ज और सहायता की घोषणा की । अमेरीका ने 85.7 करोड़ डालर की सहायता देना स्वीकार किया, हालांकि अगस्त से पहले बुश सरकार ने केवल 23.8 करोड़ का वादा किया था । हंगरी में घटनाएं और भी

नाटकीय रूप से सामने आने आयीं। अक्टूबर 1989 की 14 वीं कांग्रेस में हंगरी की कम्युनिस्ट पार्टी ने, जो हगंरियन सोशलिस्ट वर्कस पार्टी के नाम से जानी जाती थी औपचारिक तौर पर अपना विसर्जन कर दिया । इसकी जगह हंगेरियन सोशिस्टि पार्टी का गठन हुआ, जिसने साम्यवादी विचारधारा के मूलभूत उसूलों को घोषित रूप से त्याग दिया इन नयी पार्टी ने बहु-पार्टी व्यवस्था, संसदीय जनतन्त्रा, मिश्रित अर्थव्यवस्था, खुले बाज़ार की नीतियां को स्वीकारने की घोषणा की ।

हंगरी में इन परिवर्तनों का पश्चिमी देशों के मीडिया में व्यापक स्वागत हुआ। हंगरी को "पश्चिमी ढंग की आज़ादी वाला पूर्वी खेमे का देश" घोषित किया गया। दूसरी तरफ हंगरी की सरकार ने "यूरोपीय समुदाय" में शामिल होने की अपील की हंगरी में एक एक्सन्चेंज खोला, निजी उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु कानून बनाए, हंगरी की नई सरकार ने विदेशी कम्पनियों को पूंजीनिवेश के लिए नए सिरे से और नई सुविधाओं के साथ आमंत्रित किया । इसके साथ ही हंगरी के नए शासकों ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया जिसने पूर्वी यूरोप में कम्युन्स्टि विरोधी ताक़तों को और मज़बूत बनने में सहायता पहुँचाई । हंगरी ने आस्ट्रीया के साथ अपनी सीमा को खोल दिया । पश्चिमी जर्मनी जाने वाले हज़ारों पूर्वी जर्मनी नागरिक चेकोस्लावाकिया होकर हंगरी पहुचने लगे और वहाँ से आस्ट्रिया होते हुए पश्चिम जाने लगे। इससे जहाँ एक ओर पूवी जर्मनी की सरकार पर दबाव बढ़ा, वहीं दूसरी और इन घटनाओं के प्रवाह में पूर्वी जर्मनी के शहरों में सरकार, विरोधी प्रदर्शन शुरू हो गए । हंगरी के नए शासकों के इस कदम तथा चेकोस्लावाकिया के सहयोग के चलते पूर्वी जर्मनी की शासनरत पार्टी और सरकार का संकट फूट पड़ा । पूर्वी बर्लिन, पिजिंग तथा अन्य नगरों में विशाल विरोध प्रदर्शन होने लगे, जन-सैलाब के इस दबाव के चलते पूर्वी जर्मनी की कम्यूनिस्ट पार्टी एस.ई.डी. को स्वयं को बचाने तथा सरकार बचाए रखने के महत्वपूर्ण कदम उठाने पड़े । 8 नवम्बर को पार्टी के नेता एरिक होनेकर ने तथा पार्टी की समूची पोलित ब्यूरो ने इस्तीफा दे दिया । ईगोन क्रेन्ज के नेतत्व में नई पोलित ब्यूरों का गठन हुआ, क्रेन्ज ने तत्काल, सोवियत संघ के गोर्बाचेवी सुधारों की तर्ज़ पर

अपने यहां भी सुधारों की घोषणाएं की । इसके साथ ही पुरानी सरकार ने इस्तीफा दे दिया । नयी सरकार का गठन हुआ "सुधारवादी" नेता हान्स मोड्रो को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया और एस. ई.डी. की नयी पोलित ब्यूरो में उन्हें भी स्थान दिया गया।

सबसे महत्वपूर्ण घटना 9 नवम्बर 1989 को घटित हुई । पूर्वी जर्मन सरकार ने पश्चिमी बर्लिन तथा पश्चिमी जर्मनी के साथ अपनी सीमाएं खोल दीं, और ऐतिहासिक "बर्लिन की दीवार" ढहा दी गयी । लाखों की तादाद में पूर्वी जर्मन नागरिकों ने पश्चिम बर्लिन की सैर की, प्रति-आगुंतुक 100 मार्क की दर से प. जर्मनी में लोगों ने सैर की तथा पश्चिमी दुनिया तथा पूंजीवादी बाज़ार का आनन्द लेकर वापस लौटे । दुनिया भर में "बर्लिन की दीवार के बारे में प्रचलित "मिथक"[2] का नए सिरे से प्रचार किया गया कि यह दीवार साम्यवाद का घणास्पद प्रतीक है, और इसके ढहने के साथ ही साम्यवाद का ख़ात्मा हो रहा है ।परन्तु यह सारे आर्थिक, राजनीतिक सुधार भी क्रेन्ज के नेतत्व को बचाने के लिए कम साबित हुऐ । लगातार जारी विरोध-प्रदर्शनों के दबाव, और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जाने की शर्मनाक स्थिति में क्रेन्ज को दिसम्बर 1989 के पहले हफ़्ते में नेतत्व को इस्तीफा देना पड़ा । विपक्षी ग्रुप "न्यू फोरम" के वकील के रूप में काम कर चुके "सुधार समर्थक" नेता "ग्रेगोर गाइसी " को 8 दिसम्बर को नया नेता चुन लिया गया। केन्द्रीय कमेटी और पोलित ब्यूरों का विसर्जन कर दिया गया और इसकी जगह 100 सदस्यी कार्यकारिणी चुनी गई । पार्टी ने पूर्वी जर्मनी की जनता से माफ़ी मांगते हुए पूर्ववर्ती नेतत्व को "देश को एक ऐसे सफ़र में डालने" का ज़िम्मेदार ठहराया जिसके चलते "उसका आस्तित्व ख़तरे में पड़ गया है ।" पूर्व कम्युनिस्ट नेता ऐरिक होनेकर समेत कई शीर्ष कम्युनिस्ट नेताओं पर भ्रष्टाचार के मुकद्दमे शुरू किए गए । "गैर कम्युनिस्ट" लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता मान्फ्रेड गरलाख नए राज्याध्यक्ष चुने गए ।

परन्तु इतने सबके बाद भी सरकार और पार्टी विरोधी आन्दोलन थमा नहीं आन्दोलन के नेतत्वकारी लोग संविधान में दर्ज "कम्युनिस्ट पार्टी" की नेतश्त्वकारी भूमिका" को निरस्त करने की

मांग कर रहा था । अन्ततः प्रधानमंत्री मोड्रो ने इसकी कुछ ही दिन में घोषणा कर दी और कम्युनिस्ट शासन का औपचारिक अन्त हो गया । परिवर्तन के इस तूफान में बुल्गारियाँ के कम्युनिस्ट शासन को समाप्त कर दिया । 35 सालों से कम्युनिस्ट पार्टी के नेता झिवकोव को नेतत्व से और राज्याध्यक्ष के पद से 16 नवम्बर 1989 को इस्तीफा देना पड़ा । पोलित ब्यूरों के कई अन्य सदस्यों को भी हटा दिया गया। सुधारवादी नेता पीटर ग्लादेनोव नए नेता और राज्याध्यक्ष चुने गए जिन्होंने नियुक्ति के तत्काल बाद "सुधारों" की घोषाणाएं कीं । परन्तु राजधानी सोफ़िया की सड़कों पर जन-प्रदर्शन फिर भी जारी रहे। झिवकोव पर मुकदमा चलाने की माँगें उठती रहीं। जन-आन्दोलन के दबाव में महीने भर के अन्दर ही पार्टी की पोलित ब्यूरो में दुबारा "छटनी" करनी पड़ी और दिसम्बर के पहले सप्ताह में फिर कई वरिष्ठ नेताओं को हटाया गया । जन-आंदोलनों के लगातार दबाव के चलते, पार्टी का टिकना मुश्किल हो गया । 10 दिसम्बर 1989 को सेन्ट्रल सोफिया में 1 लाख से भी अधिक लोगों ने प्रदर्शन किया । लोगों ने बड़े जोर से पुराने संविधान को निरस्त कर नये संविधान के निर्माण और झिवकोव पर मुकदमे को चलाने की मांगें भी कीं ।

इस सब के मद्देनजर पार्टी को सत्ता की कमान, विपक्ष को सौंपनी पड़ी "लोकतांत्रिक ताक़तों का संघ" नाम से विपक्ष ने कम्युनिस्ट पार्टी की कीमत पर अपने को मजबूत बनाया तथा पारिस्थितियों को सुधारने के लिए सोवियत संघ की तर्ज़ पर सुधार शुरू किए । अंततः लोकतांत्रिक ताक़तों के संघ ने मुक्त बाज़ार को मंजूरी देकर, कम्युनिस्ट पार्टी के शासन का एकाधिकार समाप्त कर दिया ।

बुल्गारिया के पश्चात अगला प्रहार चेक गणराज्य पर हुआ । कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार ने अन्य देशों में हो रहे जन-आन्दोलनों के चलते, अपने बचाव हेतु कई सुधारों की घोषणाएं कीं । पार्टी के नेता मिलोस डेक्स की सरकार ने सुलगते जन-आन्दोलन के दबाव में पश्चिम की यात्रा की छूटें दी थीं । लेकिन सरकार के भ्रष्टाचार व लोकतन्त्र की बहाली के नाम पर आन्दोलन प्रचंड हो

चला ! नवम्बर के तीसरे सप्ताह के दौरान "प्राग" में हज़ारों छात्रों ने विशाल प्रदर्शन किया इस प्रदर्शन को चेक पुलिस ने दबा दिया और छात्रों की बुरी तरह पिटाई की गई । इस घटना के पश्चात आन्दोलन में व्यापक रूप धारण कर लिया, आन्दोलन पूरे देश में फैल गया । रोज लाखों लोगों के प्रदर्शन होने लगे । 24 नवम्बर 1989 को लाखों लोग (लगभग 5 लाख) प्राग की सड़कों पर उतर आए । उसी दिन प्रदर्शन के दबाव में मिलोस जेक्स को तथा पार्टी नेतत्व के बड़े हिस्से को इस्तीफा देना पड़ा । इस्तीफे के बाद ख़ुशी मनाने हेतु विशाल रैलियाँ हुईं । 24 नवम्बर 1989 की रैली को अलेक्सान्द्र दुब्चेक ने भी सम्बोधित किया । ग़ौरतलब है कि इन्ही दुब्चेक के नेतत्व में चेक गणराज्य में दो दशक पहले ही गोर्बाचेव-मार्का "सुधारों को लागू करने की कोशिश की गई थी । परन्तु तब सोवियत संघ में गोर्बाचोव का उदय नहीं हुआ था। उस समय के सोवियत नेतत्व ने इस "प्राग वसन्त" को सोवियत टैंकों के बल पर दबा दिया था, दुब्चेव की सरकार को बर्ख़ास्त करके उसकी जगह गुस्ताव हुसाक की सरकार को नेतत्व दिया गया और दुब्चेक को अज्ञातवास में भेज दिया था ।

परिवर्तन की चपेट में आए अन्य देशों की ही तरह यहाँ की "कम्युनिस्ट पार्टी" के नए नेता कारेल अरबानेक ने तत्काल सुधारों की घोषणाएं कीं । "सुधारवादी" प्रधानमंत्री लाडिस्लाव अडामेक ने तो यहां तक कहा कि संविधान में "कम्युनिस्ट पार्टी की नेतत्वकारी भूमिका" से सम्बंधित प्रावधान में फेर-बदल किया जा सकता है । इस सबके बावजूद आन्दोलन का दबाव कम नही हुआ अन्ततः सरकार को इस्तीफा देना पड़ा। विपक्षी दल "नागरिक मंच" के नेतत्व में 10 दिसम्बर को नयी सरकार ने शपथ ग्रहण की । शपथ ग्रहण करते ही नागरिक मंच ने अपना विश्वास ज़ाहिर करते हुए कहा, "नियोजित अर्थव्यवस्था सुधार्य हैं ।" और एक विकसित बाज़ार और वास्तविक प्रतिस्पर्धा का निर्माण, काम की हसरत "साथ ही यह भी जोड़ा कि हम यह "मैडम थैचर" की जरूरत है ।"

पूर्वी यूरोप को हिलाकर रख देने वाले इन ऐतिहासिक जन-आन्दोलनों का उग्रत्तम रूप

रोमानिया में दिखा, रोमानिया में उग्रतम रूप अख्तियार करने के साथ ही आन्दोलन अचानक ढंग से घटित हुआ । दिसम्बर के अन्तिम दिनों में 1989 में 24 साल से चला आ रहा कम्युनिस्ट पार्टी का शासन समाप्त कर दिया गया । कम्युनिस्ट पार्टी के नेता निकोलाई चोसेस्कू का शासन सशस्त्र विद्रोह के द्वारा समाप्त कर दिया गया । इस विद्रोह को रोमानिया की जनता का व्यापक समर्थन प्राप्त था । विद्रोह के दौरान, सेना और पार्टी में विभाजन हो गया, परन्तु इस विभाजन में बड़ा हिस्सा विद्रोह के समार्थन में गया । चोसेस्कू समर्थक ताक़तों ने सत्ता वापस लेने की कोशिश में सशस्त्र संघर्ष छेड़ा था परन्तु उनकी हार हो गई । चोसेस्कू और उनकी पत्नी को गिरफ़्तार करने के बाद उन पर गुप्त मुकदमा चलाकर उन्हें मृत्युदण्ड दे दिया गया । चोसेस्कू शासन के ख़ात्मे के बाद सत्ता में आए राष्ट्रीय मोर्चे की अंतरिम सरकार के जरिए अपनी स्थति सुदृढ़ बनाई । विद्रोह को सोवियत संघ और बारसा सन्धि के न्य देशों का समर्थन भी प्राप्त हुआ था। गृहयुद्ध के दौरान जब चोसेस्कू समर्थक शाक्तियाँ सशस्त्र संघर्ष में व्यस्त थी तब इस बात की संभावना भी बनी थी कि सोवियत संघ विद्रोह के समर्थन में सेना भेजे । दरअसल विद्रोह की शुरूआत तिमिसुआरा नामक शहर में हुए विरोध प्रदर्शनों से शुरू हुई । चोसेस्कू की सुरक्षा सेनाओं ने इन प्रदर्शन का हिंसात्मक दमन किया, जिसके फलस्वरूप विरोध प्रदर्शन पूरे रोमानिया में फैल गए और जल्द ही उन्होंने सशस्त्र विद्राह का रूप ग्रहण कर लिया सेना में विभान के साथ ही ग्रह युद्ध ने रोमानियों के मुख्य शहरों को चपेट में ले लिया हज़ारों की तादाद में लोग गृह-युद्ध की भेंट चढ़े - एक अनुमान के मुताबिक लगभग 5,00,000 लोग मारे गऐ थे ।

ब्रिटेन के फाईनेंशल टाईम्स ने अपने सम्पादकी "डिकेड आफ डैमोक्रेसी में वर्ष 1989 को ए ट्रू मिरेविलिस" यानि अजूबों का वर्ष बताते हुए लिखा, "चाउशेस्कू के ख़िलाफ़ हिंसक विद्रोह के साथ लेनिन, द्वारा 1917 में शुरू किए गए यूरोपीय इतिहास के निरंकुश काल का अंत हो गया । एक मात्रा अलबानिया ही अविचलित उत्तराधिकारी बचा हैं, इसके अलावा यह लेनिन का उत्तराधिकारी मिख़ाईन गोर्वाचौव है जिसने स्वाधीनता के इस पुनर्जन्म में दाई का काम किया है ।"

ब्रिटेन की कम्युनिस्ट पार्टी की सैद्धान्तिक पत्रिका मार्क्सिज़्म टूडे के संपादक मार्टिन जैकेस ने सम्पादकीय टिप्पणी में कहा, "स्तालिनवादी व्यवस्था ढह गई है, यह अपने विनाश के चरम बिन्दु पर जा पहुंची थी किन्तु यह साधारणतया स्टालिनवाद का ही अंत नहीं है एक महत्वपूर्ण अर्थ में यह लेनिनवाद का अंत है ।"

पश्चिमी मीडिया द्वारा पूर्वी यूरोप की इन घटनाओं पर इस तरह की प्रतिक्रिया अस्वाभाविक नहीं थी, चूंकि पश्चिमी पूंजीवादी देश एक अरसे से बुर्जुआ जनतंत्र, खुले बाज़ार, बहुदलीय व्यवस्था के समर्थक रहे हैं ।

पूर्वी यूरोप के जन-उभार में पश्चिमी देशों का समर्थन इसी के अनुरूप ही था । वही पूर्वी यूरोप की जिन कम्युनिस्ट देशों की सत्ता ग़ैर-कम्युनिस्ट नेतृत्व में गई उन्होंने तुरंत आर्थिक, राजनीतिक सुधारों की घोषणाएं भी कीं । पोलैण्ड में लेख वालेसा ने अमेरीका के सामने प्रस्ताव रखते हुए कहा, "हमें पोलैंड की ८० प्रतिशत अर्थव्यवस्था के लिए ख़रीददार चाहिए - पूर्वी यूरोप में आप इस सदी के व्यवसायिक सौदे कर सकते हैं ।" चेकोस्लावाकिया में नागरिक मंच ने विकसित बाज़ार व्यवस्था और वास्तविक प्रतिस्पर्धा के निर्माण की बातें कहीं । दूसरी तरफ पश्चिमी मीडिया पूंजीवादी जनतांत्रिक व्यवस्था की सभावनाओं को व्यक्त करते हुए 2 जनवरी 1990 को फाइनेंसिल टाईम्स में लिखता है ।

"1980 के दशक की सारी सफ़लताओं के बावजूद 1990 के दशक में काफ़ी कुछ करना बाकी है । पूर्वी यूरोप तथा सोवियत संघ में अब सक्रिय बाजार अर्थव्यवस्थाएं स्थापित करनी पड़ेंगी, ताकि उनके नए लोकतंत्र की स्थिरता को मज़बूती प्रदान की जा सके । रूमानिया में चाउशेस्कू के ख़िलाफ़ विद्रोह की सफलता पर 26 दिसम्बर 1989 के ईडिपेडेंट ने संभावना व्यक्त करते हुए लिखा, "रूमानिया और सोवियत संघ के बीच सामान्य सीमा लम्बाई के हिसाब से पोलैण्ड की सीमा के दूसरे

नंबर पर है । उन पड़ोसी देशों में लोकतान्त्रिक सुधारों के वक्त पूरा होने से गोर्बाचौव पर उन बन्धनों को ढीला करने के लिए अवश्य ही दबाव बढ़ेगा जो समाजवादी गणतन्त्रों के संघ के घटक गणतन्त्रों को मास्को के साथ जोड़े है । यह बात तय है कि पूर्वी यूरोप में इसी साल (1990) में होने वाले चुनावों की श्रंखला सोवियत संघ में इसी प्रकार के अधिकारों की माँगों को प्रोत्साहित करेगी । लिथुआनिया की कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा मूल सोवियत पार्टी से स्वतंन्त्रता की घोषणा के प्रति गौर्बाचोव की सावधानीपूर्ण किन्तु आक्रमण प्रतिक्रियाएं संकेत देती हैं कि आर्थिक सुधारों की ही तरह, वह ऐसे साहसिक प्रयासों के लिए अभी तैयार नहीं हैं, जो सुधारवादी मांगों को पहले ही अधिकतर कर सकते हैं ।

"केवल कड़े कदमों द्वारा ही, जैसे कि सम्पत्ति के अधिकार को फिर से लागू करने तथा गणतन्त्रों के एक ढीले परिसंघ के निर्माण के द्वारा, गोर्बाचोव इस कठिन कार्य को अंजाम देने की आशा कर सकते हैं, जिसे ग्लास्तनोस्त और पेरेस्त्रोइका ने शुरू किया हैं, तरूण रूमानिया इस के साहस ने दिखा दिया है कि अत्यधिक बेरहम दमन और अत्यधिक दिल दहला देने वाला नरसंहार भी विचारों की ताक़त और मुक्ति की कामना को दबा नहीं सकता ।"

और अंत में बचा था स्वतंत्र कम्युनिस्ट देश यूगोस्लाविया, आधा बल्कन व आधा सैन्ट्रल यूरोप में। यूगोस्लावाकिया द्वितीय विश्व-युद्ध के पश्चात से ही अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के चलते बहुत महत्वपूर्ण भूमिका में थे । शीत युद्ध के कम्युनिस्ट विरोधी होने के चलते काफी तहत मिली थी । साथ ही यूगोस्लाविया ने मार्शल टीटो की लीगेशी के चलते शीतयुद्ध में गुट-निरपेक्ष आन्दोलन की शुरूआत की तथा युद्ध विरोधी मुहिम में गुट-निरपेक्ष देशों में काफी लोकप्रियता भी पायी । परन्तु अन्य समाजवादी देशो की ही तरह लोकतान्त्रिक संस्थाओं का अभाव तथा दूसरा सर्ब लोगों में व्यापक सर्बिया की आकाँक्षा का उत्पन्न होना, इस सम्बन्ध में यूगोस्लवाकिया व चेकोस्लावाकिया की समस्या काफ़ी कुछ एक जैसी थीं ।

टीटो के समय काल से कम्युनिस्ट ताक़तों के सामने सर्व जनता की अकांक्षाओं पर रोक लगाने की समस्या थी । टीटो की मत्यु के पश्चात मई 1988 में मिलोसेविच (Slobodan Milosevic) ने कम्युनिस्ट पार्टी का नेतश्त्व संभाला ।मिलेसंविच 42 प्रतिशत सर्ब जनसंख्या के प्रतिनिधि थे जो कि यूगोस्लाविया की सबसे बड़ी राष्ट्रीयता थी ।

राष्ट्रीयताओं के दमन के सवाल पर यूगोस्लाविया में संकट शुरू हुआ। यूगोस्लाविया संघ का बिखराव 1991 में शुरू हुआ जब इसके एक संविधानिक संघ सोलाविनिया (Solvcnia) ने अपनी स्वतन्त्रता की घोषण कर दी । इसके साथ ही क्रोशिया (Crotia) तथा बोस्निया, हर्जेगाविनिया ने भी स्वयं को स्वतन्त्र घोषित कर दिया । सर्बिया जो कि यूगोस्लाविया गणतन्त्र का सबसे बड़ा हिस्सा था ने स्वयं को सर्बिया-मोटीगरो (Serbia-Montecnegro) गणतन्त्र के रूप में बनाए रखा । हिंसात्मक संघर्षों के दौरान, यूगोस्लाविया बिखराव शुरू हुआ तथा यह कई अलग स्वतंत्र गणतन्त्रों में विभक्त हो गया । सर्बिया जो कि तुलनात्मक रूप से सबसे बड़ा तथा शक्तिशाली था, ने बोस्निया के बड़े भूभाग को कब्ज़ा लिया क्योंकि यहाँ मूलतः सर्व आबादी की बहुतायत थी ।

समाजवादी ब्लॉक का यह महत्वपूर्ण संघ, अन्तिम दिनों में नणातीय हिंसाओं के भयंकर दौर से गुज़रकर विखंडित हुआ जिसमें, सर्व, मुस्लिम, क्रोशियाई, लोग बड़ी संख्यामें हताहत हुए । अंततः टीटो के दौर का समाजवादी संघ, जिसमें हर समुदाय के लोग कम्युनिस्ट शासन के अन्तर्गत थे , विभिन्न राष्ट्रों में बंट गया ।

दरअसल यूगास्लाविया के विघटन तक (1989-91) पूर्वी यूरोप के शुरू हुए जब उभारों की प्रकृति में काफ़ी बदलाव आ चुका था । हालांकि यह बदलाव विभिन्न देशों की आंतरिक समस्याओं के सदंर्भ में ही था, फिर भी यूगोस्लाविया और रोमानिया के जन-उभारों की प्रकृति में हिंसा व राष्ट्रीयताओं के सवालों का उभरना, कई महत्वपूर्ण बदलावों व मुद्दों की और संकेत करता है, मसलन जनतन्त्र की मांग से शुरू होकर हिंसात्मक प्रवृत्ति का रोमानियाई संस्करण तथा राष्ट्रीयताओं के संघर्ष

का यूगोस्लावियाई प्रकरण तथा इसके पश्चाल, सोवियत संघ के राष्ट्रीयताओं के आन्दोलन ने इस दौर में न सिर्फ़ समाजवाद में जनतन्त्रा का बेहतर आर्थिक जीवन के सवालों को उठाया अपितु समूचे समाजवाद के निर्माणकाल में आधुनिकता की समझ पर भी सवाल खड़ा किया ।

बरहाल यूगोस्लाविया के विघटन के साथ-साथ सोवियत संघ भी अपने अन्तिम दौर में पहुंच चुका था । सोवियत संघ का बिखराव समाजवाद के तावूत में आखरी कील साबित हुई। सोवियत संघ में घटनाएं बहुत आश्चर्यजनक व तेजी से घटीं। २८वी कांग्रेस के पश्चात कम्युनिस्ट पार्टी के एकाधिकार को समाप्त करने के बाद से तथा राष्ट्रपति के रूप में बोरिस येल्सिन के चुने जाने ने सोवियत विघटन में तेजी ला दी ।

गोर्बाचौव के सुधारों के चलते सी.पी.पी.एस.यू. में रेडिकल, माड्रेट्रस तथा कंजरवेटीव (Radical, Moderate) and (Conservative) के बीच संघर्ष शुरू हुआ।

सोवियत संघ के गोर्वाचौव के सुधार विरोधी ग्रुप ने गोर्वाचोव को कम्युनिस्ट पार्टी से हटाकर सत्ता पर क़ब्जा कर लिया १६ अगस्त १६६१ को पोलोजेकोव तथा उसके समर्थकों ने तख़्ता पलट पर एक "आपातकालीन राज्य कमेटी का निर्माण किया" तथा सेना, KGB के सदस्यों सहित आठ लोगों की इस कमेटी ने राज्य सत्ता पर कब्जा कर लिया । यह तख़्ता पलट दरअसल यूरोप से भिन्न था । जहां यूरोप में जन-उभारों का मकसद कम्युनिस्ट शासन की समाप्ति करना था, सोवियत संघ में तख्ता पलट का उद्देश्य कम्युनिस्ट शासन को किसी तरह बनाए रखने को लेकर हुआ । हालांकि यह मूलतः गोर्बाचौव के विरूद्ध राजनीतिक तख्ता पलट था न कि जन-उभार । परन्तु तीन दिन पश्चात आश्चर्य जनक रूप से ये असफल हो गया तथा येल्तिसिन व उनके सहयोगियों ने एक विशाल जन-समूह को सम्बोधित करते हुए इस असफलता की घोषणा कर, जनतन्त्र बहाली का वादा किया ।

कुछ दिनों पश्चात गोर्बाचौव की वापसी हुई इस बीच लिथुआनिया , एस्टोनिया, पहले ही अपनी स्वतंन्त्रता की घोषण कर चुके थे, दिसम्बर 1991 क्रिसमस के दिन गोर्बाचौव ने संघ के विसर्जन व राष्ट्रीयताओं की स्वतन्त्रता के दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर, स्वयं का त्यागपत्र भी दे दिया । इसके साथ ही सोवियत संघ के विखंडन की औपचारिकता भी समाप्त हो गई, और सोवियत संघ अब संघ न रहकर रूस रह गया ।

संक्षेप में पूर्वी यूरोप से सोवियत संघ के विघटन की यह प्रक्रिया इतनी तीव्र गति से घटित हुई, मानो सब पूर्व योजना के तहत हुआ हो । पूर्वी यूरोप से सोवियत संघ तक मूलतः सभी देशों में मूल मुद्दे एक-समान थे जनतान्त्रिकरण की माँग, जीवन स्तर में सुधार की माँग । शान्तिपूर्ण पर उग्र आन्दोलनों के आगे कम्युनिस्ट शासनों का एक झटके में बिखर जाना दरअसल इस बात को स्पष्ट करता है कि यह कोई स्वतःस्फूर्त तत्कालिक कारणों से उपजी घटनाएं नहीं थीं, अपितु यह साफ़ तौर पर यह रेखांकित होता है, कि दरअसल इसकी भूमिका एक लम्बे समय से बन रही थी । और जहाँ इन आन्दोलनों का दमन करने की कोशिश की गई यह और व्यापक रूप में भड़क उठे, रूमानिया इसका प्रबल उदाहरण है । संक्षिप्त में यह कहा जा सकता है कि यह तमाम घटनाएं कुछ महीनों या सालों के प्रभाव में न होकर उस दौर से जुड़ी हुई थी जिस दौर में समाजवाद का निर्माण हुआ , उसी निर्माण दौर की पेचीदगियों व समस्याओं ने एक समय के पश्चात उग्र रूप में इन व्यवस्थाओं का अन्त कर दिया, तथा विश्व भर में समाजवाद के अप्रसांगिक होने की बहसों को भी बल दिया ।

अध्याय-२

अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों में बदलाव व चीन पर उसका प्रभाव

आने वाले तीन-चार साल हमारी पार्टी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह वक्तव्य तंग सियाओ पिंग ने सन् १९८९ में पेईचिंग में हुए "प्रतिक्रांतिकारी" उभार के दमन पर दिया था। इस वक्तव्य के दौरान तंग सियाओ पिंग ने शुरूआत में ही कहा "जल्दी या देरी से इस तूफान को आना ही था।" कुछ दिनों पश्चात इसका विश्लेषण उन्होंने कुछ इस तरह किया "यह दरअसल पश्चिम के शान्तिपूर्ण विकास और हमारे चार Cardinal Principal के बीच का टकराव है।" "बुर्जुआ उदारीकरण" के विरूद्ध इन वक्तव्यों के दौरान विश्लेषण में जो बात प्रमुखता से उभर कर सामने आई, वह तमाम समस्या की जड़ को "बाहरी" रूप में परिभाषित करता रहा। हालांकि १९८९ से १९९१ तक पूर्वी यूरोप के कम्युनिस्ट शासन की समाप्ति से सोवियत संघ में कम्युनिस्ट शासन की समाप्ति और बिखराव तक कम्युनिस्ट पार्टी के विभिन्न मंचों पर यह एक बहस का मुद्दा रहा कि इस "प्रतिक्रान्तिकारी" उभार का स्रोत महज "बाहरी" है या इसका कोई "भीतरी" रूप भी है।

बहसों में लगभग इस बात पर पूर्ण सहमति थी कि ४ जून १९८९ की घटना एक प्रतिक्रान्तिकारी उभार था। बहस थी तो उसके स्रोत व कारण पर, जाहिर है कि "भीतरी" स्रोत के रूप में सबसे अधिक सवाल आर्थिक सुधारों की प्रकृति पर हुए। परन्तु अन्ततः पार्टी की सामूहिक समझदारी में स्रोत को बाहरी रूप में परिभाषित किया गया और बुर्जुआ उदारीकरण को एक समस्या के रूप में परिभाषित करते हुए चीन में उसके खिलाफ विचारधारात्मक संघर्ष शुरू हुआ।

इसी दौरान अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर एक और प्रक्रिया चल रही थी, पूर्वी यूरोप के देशों में एक के बाद एक कम्युनिस्ट शासनों की समाप्ति, उनके खिलाफ व्यापक "जनआन्दोलन" लोकतन्त्र के मुद्दे पर व्यापक ध्रुवीकरण जिसने लगभग सभी देशों में, कम्युनिस्ट शासनों का अन्त कर दिया। दुनिया भर में कम्युनिस्ट विरोधी प्रचार व विचारधारा के अन्त की घोषणा के पूंजीवादी के सिद्धान्त व्यापक स्तर पर फैले।

१९८९ के दौरान इन दो व्यापक घटनाओं का चीन की कम्युनिस्ट पार्टी पर व्यापक प्रभाव पड़ा। जहाँ एक ओर अन्दरूनी राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी १९८९ के दमन के पश्चात "स्वीकार्यता/लोकप्रियता" के लिए जूझ रही थी, वहीं इस घटना के पश्चात विश्व स्तर पर "मानवाधिकार के हनन के चलते चीन की व्यापक आलोचना हुयी। अमेरिका, जापान सहित कई देशों ने चीन पर आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए। इसके बावजूद मानवाधिकार पर अपनी समझदारी को जाहिर करने के बाद चीन कूटनितिक स्तर पर विदेशों से अपने सम्बंधों को सही दिशा न दे सका। कुल मिलाकर जो व्यापक परिपेक्ष्य उत्पन्न हुआ उसमें चीन "अन्दरूनी" और "बाहरी" तौर पर स्वीकार्यता के प्रश्न के इर्द-गिर्द जूझता रहा।

सन् १९८९ से १९९१ तक दुनिया के सामरिक, राजनीतिक शक्ति सन्तुलन में व्यापक बदलाव आया। यह बदलाव मूलतः पूर्वी यूरोप के विघटन से शुरू हुआ और इसकी प्रक्रिया को सोवियत संघ में कम्युनिस्ट पार्टी विरोधी लोकप्रियता को और बल मिला। अन्ततः १९९१ में सोवियत संघ में कम्युनिस्ट शासन की समाप्ति के तत्पश्चात उसके विखराव ने शीत युद्ध की समाप्ति की और दुनिया का शक्ति सन्तुलन दो ध्रुवीय रूप में समाप्त हो गया, जाहिर तौर पर जो स्थिति उत्पन्न हुई उसके अमेरीका एक मात्र वैश्विक शक्ति के रूप में उभर कर आया।

सोवियत संघ के बिखराव ने सम्भवतः दुनिया के शक्ति सन्तुलन को सबसे अधिक प्रभावित किया, स्वयं विखण्डन के पश्चात रूस और पूर्व समाजवादी राज्य अमेरीका की ओर उन्मुख हुए। चीन पर इसके दूरगामी प्रभाव पड़े चूंकि सोवियत संघ के बाद चीन समाजवादी

देशों में प्रमुख स्थान पर था। चीन १९७० से जिस "strategic triangle" का लाभ ले रहा था वह समाप्त हो गया था।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने इस आशंकित भविष्य के चलते ही सोवियत संघ के बिखराव को रोकने की कोशिश भी की थी। जिस गोर्बाचौव व सोवियत संघ को वह गैर-समाजवादी मानता था उसके बचाव की वजह प्रमुखतः वह वजह रही, जिसे वह "अमेरीकी विश्व व्यवस्था" के विकास के रूप में देखते थे।

बरहाल जो महत्वपूर्ण बात थी वह सोवियत संघ के बिखराव के विश्लेषण के बारे में थी। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के अन्दर सोवियत संघ के बिखराव ने नए सिरे से बहस को शुरू किया। बहस का विषय सोवियत संघ में बिखराव के कारण थे, पार्टी में दो तरह की राय थी एक जो १९९१ के बिखराव को बुर्जुआ उदारीकरण व शान्तिपूर्ण विकास मानता था, दूसरा जिसमें स्वयं तंग सियाओ पिंग थे उनका मानना था कि इस पूरे प्रकरण का कारण, सोवियत की बदतर आर्थिक हालत, व गोर्बाचौव के आधे-अधूरे सुधार व कम्युनिस्ट पार्टी के शासन को नकारना था। कुल मिलाकर पूरे प्रकरण के स्रोत को "अन्दरूनी" रूप में देखा गया। महत्वपूर्ण बात यह थी कि स्वयं चीन में १९८९ के विश्लेषण पर बदलाव करते हुए उसके कारण को चीन की पिछड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में सम्बोधित किया गया। जैसा कि पिछले अध्याय में विदित है १९९२ में १४वीं पार्टी कांग्रेस में इस राय व समझदारी को स्वीकृति मिली। इस विश्लेषण के साथ एक और समझदारी आई जिसमें तंग सियाओ पिंग ने कहा "हमें अमेरीका से अपने सम्बन्धों को सुधारना चाहिए यदि हम लगातार उनसे संघर्ष में उलझे रहेंगे तो यह हमारे आर्थिक सुधारों के लिए समस्या पैदा करेगा और हमें अपने सुधारों को सुचारू रूप से चलाने हेतु अमेरिकी मदद की जरूरत है। कुल मिलाकर १९९२ की १४वीं पार्टी कांग्रेस ने दो चीजें तय कर दी। चूंकि चीन और सोवियत संघ में "समस्या का कारण भीतरी आर्थिक विकास से जुड़ा है अतः आर्थिक सुधार पर जोर दिया जाए।

दूसरा इन सुधारों की प्रक्रिया में अमेरीका की मदद की जरूरत महसूस की गई, अतः उससे सम्बन्धों को सुधारने की बात हुई। पहले वाले प्रस्ताव ने "बुर्जुआ उदारीकरण" को नकार कर समस्या के रूप में दक्षिण-पश्चिमी भटकाव से ज्यादा वामपंथी भटकाव" को खतरा माना गया, इसी के साथ दूसरे निष्कर्ष ने 'इस समझदारी को पुख्ता किया कि चूँकि बुर्जुआ उदारीकरण, व शान्तिपूर्ण विकास एक बड़ी समस्या नहीं है तो अमेरीका पश्चिमी पूंजीवादी प्रदेशों से सम्बन्धों को सुधारा जाए।

१९९२ की कांफ्रेंस में तमाम, वह लोग जो बुर्जुआ उदारीकरण व शन्तिपूर्ण विकास को खतरे के रूप में रेखांकित कर रहे थे, तथा तंग की सुधार नीतियों पर सवाल खड़ा करना चाह रहे थे, वह परिधि पर चले गए।

इस पूरे दौर में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के परिप्रेक्ष्य से कुछ बातें सामने आती है, जिससे हम इस दौर में चीन की अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर राजनैतिक स्थिति के बारे में उहापोह की स्थिति की चर्चा कर सकते हैं।

व्यापक परिपेक्ष्य से देखें तो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने १९९१ के पश्चात् जो राय बनायी वह एक तरह से उसी समझदारी का विकास था जिसमें उसने आर्थिक सुधारों को करने व खुले द्वार की नीति की वकालत की थी। हालांकि "आर्थिक सुधार" व "खुले द्वार" की नीति की शुरूआत १९७० के बाद शुरू हुई स्वयं माओ का सांस्कृतिक क्रान्ति के दौरान अमेरीका से सम्बंध सुधारने की पहल करना व चाओ एन लाई द्वारा आधुनिकीकरण को बढ़ावा देना इसके शुरूआती बिन्दु के रूप में ईंगित किए जा सकते हैं। परन्तु विचारधारात्मक स्तर पर १९७८ फिर भी चीन में एक नए दौर की शुरूआत करता है।

परन्तु यहाँ महत्वपूर्ण बात यह है कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा १९८९ के घटना के विश्लेषण में। १९९१ के पश्चात आया बदलाव जिसे बुर्जुआ उदारीकरण को समस्या के रूप में तरजीह नहीं दी तथा १९९१ से पहले सोवियत संघ को एक तरफ बचाने की कोशिश तथा

दूसरी ओर चीन में "शान्तिपूर्ण विकास" तथा बुर्जुआ उदारीकरण के खिलाफ विचारधारात्मक बहसे १९९२ की कांग्रेस के बाद परिधि में चली गई जहाँ १९९१ तक अमेरीका एक खतरे के रूप में दिखाई देता था। जो शान्तिपूर्ण विकास को बढ़ावा देता था, जिसे १९८९ व १९९१ की घटना के लिए जिम्मेवार ठहराया गया उसके साथ खुले रूप में सहयोग की नीति तथा सुधारों में तेजी को १९९२ की कांग्रेस में स्वीकृति आश्चर्यजनक थी। यही वह बिन्दु है जहाँ यह अध्ययन का विषय बनता है। कुल मिलाकर चीन की राजनीति में अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों पर आए इस बदलाव की पृष्ठभूमि में सोवियत संघ का बिखराव पूर्वी यूरोप में समाजवादी व्यवस्था की समाप्ति, उसी दौर में क्येन अनमेन की घटना, एक साथ कई स्तर पर चीन को घरेलू व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावित कर रही थी। अतः यह महत्वपूर्ण है कि चीन की विदेश नीति को प्रभावित करने वाले कारकों की अध्ययन करते हुए १९९१ के पश्चात वैश्विक स्थिति में आए परिवर्तनों से उस पर पड़े प्रभाव का अध्ययन किया जाए।

१९८९ के उत्तरार्द्ध में चीन के मीडिया द्वारा लगातार तंग सियाओ पिंग द्वारा अप्रैल-जून के संकट को "जल्दी या देरी से bound को आना ही था" के रूप में व्याख्यित किया जाता रहा।[1] कारक के रूप में "बाहरी (external) को "घरेलू" से अधिक तरजीह देना विदेशी खतरे को ईंगित कर रहा था, तंग के "वामपंथी" विरोधियों को इसने आर्थिक सुधार व "खुले द्वार की नीति पर हमला करने का मौका दिया। रेनमिन रि पाओ द्वारा माओ कालीन समझदारी को दुहराते हुए आत्मनिर्भरता को स्वस्थ विकास हेतु जरूरी माना"[2] पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के समाचार पत्र Jiefang Jun bao में चीन के इतिहास में घर व असफलता के कारणों को कमजोर हथियार व पर्यवेक्षण में कमजोरी को बताते हुए आगे कहा "एक बार लोग देश के राष्ट्रीय सुरक्षा खो दें तो, विघटन inevitable है। दूसरा लेख कहता है कि "Peaceful evolution is more vicious, wicked and more conducive to infiltration and

---

1 Deng Xiaoping speech of 9 June 1989, *Jiefangjun bao*, 28 June 1989, p. 1. Emphasis added by author.

2 "Only socialism can save China", editorial, *Renmin ribao*, 22 July 1989, p. 1.

deception" than other imperialist strategies aimed at socialist countries."[3] 13, 1989 के संकट में "some reactionary forces in the United States openly intervened" by supporting "illegal organization" at students and workers. एक लेख ने "विचारधारा व सांस्कृतिक, Intiltration - through economic and trade contacts and cultural exchange के खतरे पर जोर दिया।"।[४] Jiefangfjun Pao सिरिज में अन्तिम title था "Beware of Glint and flash of Gold Steel in the halo of peace."[5]

एक साल बाद (१९८९ के) व अप्रैल में तंग ने साम्यवाद के विघटन व गोर्बाचौव के "betrayal" के बाद कहा "under the present situation all enemy attention will be concentrated on China. They will use every pretext to cause trouble, to create difficulties and pressare for us. The next three to five years will be extremely difficult for our party and our country."[६]

३ मई १९९० में Jiang Zemin ने Patriotism and the Mission of the Chinese Intellectual" पर भाषण देते हुए कहा "hostile forces at home and abroad to subvert the socialist system in China through peaceful evolution to turn China into a vassal state dependent on the western superpowers"[7] आगे उन्होंने जोड़ा we need to learn and assimilate the excellence of every

---

3 Qu Quanshen, "Beware of the 'peaceful evolution' scheme by hostile international forces," *Jiefangjun bao*, 7 November 1989, p. 3.

4 Bai Keming, "Questions and answers on studying Jiang Zemin's Natinoal Day speech," *Jiefangjun bao*, 9 November 1989, p. 2.

5 Wan Yaoting and Ma Guangwu, "Beware the glint and flash of cold steel in the 'halo of peace", *Jiefangjun bao*, 1 December 1989.

6 "Deng Xiaoping sees the future for the CCP", *Zhengming*, Hong Kong, No. 151 (1 May 1990) as cited by Michael Yahuda, "Deng Xiaoping : the statesman," *The China Quarterly*, No. 135 (September 1993), p. 564.

7 *FBIS - CHI*, 4 May 1990, pp. 8-13.

country in the world, including those who live under the capitalist system".[8]

एक महीने बाद Chinese people's political consultative conference (CPPCS) ३ जून १९४०, अफीम युद्ध का वह पहला दिन जिसमें नशीले पदार्थों को जलाया गया था" के मौके पर रेनमिन रिपाओ "peaceful evolution" की पार्टी लाइन को दुहराया।[9] पर साथ ही Jiang's Zemin ने खुले द्वार की नीति के बारे में कहा "While we must hold high the banner of patriotism we should not indiscriminately reject anything foreign and close our door to outside wolrd" yet while we must open to the outside world we should not yield to any pressure and advocate total westernization."[9]

एक नई परिस्थितियों के अंतर्गत एक नई पार्टी कार्यक्रम का मसौदा रखा और समाजवाद के पुनर्मूल्यांकन तथा पुनः समंजित होने का सीपीएसयू का अंतिम प्रयास देखा गया। गोर्बाचोव इस महासभा रिपोर्ट में अपनी 28 वीं कांग्रेस में समाजवादी साम्यवाद तथा पार्टी की भूमिका के पुनर्मूल्यांकन से एक कदम आगे बढ़ गए । समाजवाद पर वे अपने 'अलंकरण और विरूपण की अपनी पिछली आलोचना से बहुत आगे निकल गए । इसके समग्र सिद्धांत और व्यवहारिकता को नकारने के लिए उन्होंने स्टालिन के काल को एक दलीय परंपरात्मक सत्ता काल की संज्ञा दे दी और स्वलित के बाद के काल को स्टालिनोत्तर काल का नाम दिया। साम्यवाद के बारे में उन्होंने साम्यवाद को उखाड़ के सीपीएसयू के एक मात्रा उद्देश्य को न्यायोचित ठहराया, जिसका कारण साम्यवाद की काल्पनिक सिद्धांतों को बताया गया । उन्होंने स्वीकार किया कि हमारे और दूसरों के अनुभवों से हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि निकट भविष्य में ये उद्देश्य प्राप्त नही किए जा सकते ।

पार्टी की भूमिका के बारे में वर्ग संघर्ष को समाप्त करने के आमूल परिवर्तन की बात की । भविष्य में पार्टी वर्ग संघर्ष तथा उदारवाद की राजनीतिक अग्रणी के रूप उमें कोई भूमिका अदा नहीं करेगी बल्कि एक प्रजातांत्रिक सुधारवादी राजनीतिक तथा आर्थिक स्वतंत्रता, सामाजिक न्याय और विश्व मानव मूल्य के पोषक के रूप में कार्य करेगी और यह एक ऐसी पार्टी के रूप में कार्य करेगी जो सामान्य नागरिक समझौतों तथा चुनावी जीत के लिए होंगी। उन्होंने इसे समाजवादी प्रजातांत्रिक पार्टी का नाम दिया एक ऐसा नाम जिसे बाल्शेविकों ने 1910 में छोड़ दिया था यद्यपि वे ऐसा कर नहीं सके क्योंकि वास्तव में पार्टी में ऐसे अनेक सदस्य थे जो साम्यवाद में विश्वास रखते थे ।

गोर्बाचोव की इन टिप्पणियों ने जैसा कि महासभा में कुछ प्रतिनिधियों ने शिकायत की थी, का उद्देश्य घरेलू साम्यवादी आंदोलन को कमजोर करके मार्क्सवाद-लेनिनवाद का विनाश करना था । बाद कें महीने में घटनाओं की यह दिशा रूढिवादियों के विद्रोह के रूप में सामने आई जो पुराने

तंत्र को बनाए रखना चाहते थे और रूस विद्रोह की असफलता के साथ ही सोवियत समाजवादी ढांचे का तेजी के साथ विखंडन हो गया ।

चीनी और रूसी पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया में अनेक महत्वपूर्ण विरोधाभास दष्टव्य हैं । पहला पुनर्मूल्यांकन के पहले चरण के बाद प्रत्येक तुलनात्मक स्तर पर रूस के सुधारवादियों चीनी सुधारवादियों से एक कदम आगे थे । दूसरे यद्यपि दोनों ने आर्थिक क्षेत्र में अपने-अपने पुनर्मूल्यांकन शुरू किए थे परन्तु चीनी नेता निरंतर इसी बिन्दु पर केन्द्रित रहे जबकि सोवियत नेता आर्थिक क्षेत्र से राजनीतिक क्षेत्र में चले गए । तीसरे, चीनी उदारवादी दष्टिकोण जिसने रूसी मुख्यधारा के समीक्षा के स्तर पर स्वर को सत्ता द्वारा निर्विरोध रूप से दबा दिया गया । गोर्बाचोव के रूढिवादियों और उदारवादियों के बीच संतुलन के बावजूद विरोध द्वारा रूढिवादियों के दबाव को पोषित करने के लिए गोर्बाचोव के समस्त काल के दौरान कोई राजनैतिक आंदोलन शुरू नहीं किया गया । इसके विपरीत गोर्बाचेव के शासन में मुख्यधारा की विचारधारा निरंतर उदावादी विचारधारा की ओर झुकती चली गई ।

ये भिन्न प्रक्रियाएं निकटता के साथ चीनी तथा रूसी पुर्नमूल्यांकन से संबंधित थी । पुनर्विवेचन के तीन प्रमुख क्षेत्रों में इन दोनों देशों के चरित्र तथा दिशा को परिभाषित करता है । ये पूर्व समाजवादी अनुभवों की पुनः परीक्षा है, समाजवाद के अंतर्गत व्यक्ति का व्यवहार और समाज में साम्यवादी पार्टी का स्थान ।

गोर्बाचोव ने विगत नेताओं की आलोचना करने में भी कोई कोताही नहीं बरती । स्टालिन के शासन को उन्होंने 'व्यक्ति पूजा के दौर' तथा 'तानाशाही की सत्ता' कहकर अभिहित किया । हालांकि ख्रुश्चेव के व्यक्तित्व के कुछ सकारात्मक पहलुओं पर प्रकाश डाला गया, परन्तु Subjectivism और नौकरशाही को प्रश्रय देने का कारण उनकी निंदा भी की गई गोर्बाचोव ने ब्रेझनेव के काल को 'ठहराव' और चौतरफा नाक़ामयाबी का दौर बताया । इस प्रकार पुराने नेताओं में सिर्फ़ लेनिन को

ही को ही वास्तविक समाजवाद का कर्णधार बताया गया । इस अधिकारिक रवैये से प्रेरणा पाकर अनेक उदारवादी आलोचकों ने स्टालिनवाद और सोवियत व्यवस्था की त्रुटियों को लेनिन के काल से भी जोड़ने की कोशिशों कीं और अंततः मार्क्स के मूल सिद्धांत पर भी सवाल खड़े करने शुरू कर दिए।

समाजवाद के तहत व्यक्ति की अहमियत

समाजवाद के पुनर्मूल्यांकन को लेकर चीन और सोवियत संघ के बीच जो फ़र्क़ देखने में आया, उसका ताल्लुक सिर्फ़ अतीत की पुनः समीक्षा करने और वर्तमान तथा भविष्य के लक्ष्यों को तय करने से ही नहीं था । समाजवाद के अन्तर्गत व्यक्ति को मिलने वाला महत्व भी इन मूल्यांकनों की भिन्नता दर्शाता है । अतीत की विफलताओं के विश्लेषण में उसने हमेशा इस बात पर जोर दिया कि ये विफलताएं पार्टी के एजेंडा को आर्थिक तंत्र से अलगाने, अनुचित उत्पादन संबंध तथा राजनीतिक संरचनाओं को अपनाने का परिणाम थी । विगत नीतियों के परिणामों का विश्लेषण करते हुए उनका जोर वर्ग संघर्ष के आधिक्य तथा उत्पादन शक्तियों में आए संकटों पर रहा । इसलिए नेतृत्व की दृष्टि में, इस पार्टी ऐजेंडा को दुरूस्त कर देने तथा आर्थिक विकास में बाधक बने उत्पादन संबंधों पर अधिरचना के दोषों को दूर तक देने से व्यवस्था के संकटों को दूर किया जा सकता था । सी सी पी ने समाजविज्ञानियों और उदावादी बुद्धिजीवियों के उस विश्लेषण को अस्वीकार कर दिया जिसके अनुसार समाज का वर्गीय निर्धारण और व्यक्ति की महत्वहीनता अतीत की समस्याओं और विफलताओं के बुनियादी कारण थे। सी सी पी ने उदारवादियों के इस मत को बुर्जुआ प्रचार कहकर नकार दिया कि व्यक्ति का अलगाव अतीत की विफलताओं का ही परिणाम है तथा व्यक्ति के महत्व पर आधारित लोकतांत्रिक व्यवस्था ही इस संकट का उचित हल है ।

इसके विपरीत सोवियत पुनर्मूल्यांकन के कार्यक्रम में गोर्बाचोव ने अलगाव और मानववाद को

मूल संदर्भ बताया था । 'विकश्त समाजवाद' की अवधारणा में स्वतः यह निर्णय निहित था कि तानाशाही-नौकरशाही पर आधारित व्यवस्था ने 'समाजवाद की मानवीय संभावनाओं' को नष्ट कर दिया था ।

सीपीएसयू की विफलताओं के विश्लेषण में व्यक्ति के अलगाव को विशेष मापदंड बनाया गया था। जैसा कि गोर्बाचोव ने दलील दी थी कि समाजवादी इस बात से निहित है कि व्यक्ति का समाज में, सत्ता से, उत्पादन के साधनों और उसके अधयात्मिक मूल्यों से अलगाव ख़त्म हो सके । परन्तु संकट की बात यह है कि व्यावहारिक रूप में यह जनता के स्वैच्छिक प्रयासों का दमन करता है, उन्हें सर्जनात्मक गतिविधियों से अलगा देता है, तथा व्यक्ति की गरिमा को कुंद करता है । गौरतलब है कि सोवियत संघ के समाज विज्ञानियों ने भी इस बात की तसदीक की थी कि सोवियत संघ की प्रशासनिक कमांड व्यवस्था में वहां का कामकाजी वर्ग राजनीतिक सत्ता से अलगाव महसूस करता है । इसी तरह उत्पादन के साधनों पर राज्य के स्वामित्व के चलते मजदूर वर्ग भी अलगाव अनुभव करता है, सोवियत समाजशास्त्री और सुधारों की सिद्धांतकार - तायना जास्लास्काया के अनुसार पार्टी अधिकारियों का सतारूढ दस्ता ही एक 'शासक वर्ग' बन गया है, और वह राजनीति और आर्थिक तंत्र पर अपने नियंत्रण के ज़रिए जनता के सत्ता से अलगाव का कारण बनता है । अन्य लोगों के विचार में अगर के पूंजीवाद में Commodity fetishism व्यक्ति के अलगाव का कारण बनता है तो समाजवाद के तहत सत्ता की ग्रंथि समाजिक अलगाव को जन्म देती है अर्थात इस अलगाव का स्रोत उत्पादन के साधनों के साथ उतना संबंधित नहीं है जितना इन साधनों के राजनीतिक और वैचारिक नियंत्राण से । हालांकि इस अलगाव का कारण 'विकश्त समाजवाद' (न कि स्वयं समाजवाद) को बताया गया था, परन्तु व्यक्ति के महत्व को नकारे जाने के पीछे समाजवाद के वर्गीय चरित्र और Teleological दष्टिकोण को ही ज़िम्मेदार ठहराया गया । 28 वीं कांग्रेस के अवसर पर सीपीएसयू ने व्यक्ति की महत्वहीनता को समाजवाद की वर्ग आधारित अवधारणा से जोडते हुए यह कहा था कि

मनुष्य के सत्ता और संपत्ति से अलगाव के नए रूप सार्वजनिक जीवन के मानकीकरण और सर्वहारा के नाम पर जारी पार्टी और राज्य नेतत्व की तानाशाही के चलते पैदा हुए थे ।

जिस तरह गोर्बाचोव ने अतीत की विफलताओं के निर्धारण में मानवीय अलगाव को महत्वपूर्ण स्थान दिया था, उसी तरह अलगाव की समाप्ति को पुनर्संरचना का लक्ष्य बताया गया था । मानवीय, लोकतांत्रिक समाजवाद की अवधारणा में व्यक्ति को महत्व दिए जाने की बात निहित थी । इस अवधारणा में सामाजिक लक्ष्यों की प्राप्ति के बजाए व्यक्ति के विकास को सामाजिक विकास का उच्चतम उद्देश्य घोषित किया था। उसी वर्ष, उन्होंने एक भाषण में यह भी कहा था कि 'अगर एक क्षेत्रा में प्रगति होती है और उसी के साथ मनुष्य का मनोवैज्ञानिक राजनीतिक तथा शारीरिक अवमूल्यन भी होता है तो इस अवमूल्यन को जन्म देने वाले तंत्रा पर संदेह किया ही जाना चाहिए''। तदनंतर गोर्बाचोव लगातार यह दोहराते रहे कि पुनर्संरचना का मकसद 'वास्तविक मानववाद', 'समाजवाद की मानवीय संभावनाओं' तथा व्यक्ति का महत्तम विकास करता है । 1990 की 28वीं कांग्रेस के अवसर पर सीपीएसयू ने इस आशय की आधिकारिक घोषणा की कि ''सामाजिक विकास का लक्ष्य व्यक्ति है, उसके लिए रोजगार और आवास की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए, तथा ऐसे प्रयास किए जाने चाहिएं जिससे व्यक्ति का राजनैतिक सत्ता, भौतिक और आध्यात्मिक मूल्यों से अलगाव ख़त्म किया जा सके और उसे सामाजिक प्रक्रियाओं में सक्रिय रूप से शामिल किया सके ।

दूसरे, मानवीय, लोकतांत्रिक समाजवाद में वर्ग-आधारित मूल्यों के बरअक्स सार्वभौमिक मानव मूल्यों ज़्यादा महत्व दिया गया । 1989 में इतालवी श्रोताओं के एक समूह को संबोधित करते हुए गोर्बाचोव ने 'विश्व में सार्वभौमिक मानव मूल्यों की प्राथमिकता' स्थापित करने की बात की थी । 28वीं कांग्रेस के अवसर पर गोर्वाचोव ने यह बयान दिया था कि हम समाजवाद में सार्वभौमिक मानव मूल्यों का पुनः प्रवेश कराएंगे, और यह चीज वर्ग चेतना के विरोधी भाव की तरह नहीं बल्कि

मनुष्य की सामान्य प्रवत्ति तौर पर स्थापित की जाएगी । ये मूल्य सहस्रों वर्षों से अर्थवान रहे हैं और हम जानते हैं कि उनकी अवहेलना करने से हम किन संकटों को न्यौता देते हैं । हालांकि ऐसे वक्तव्यों के बाद भी सीपीएसयू समाजवाद और साम्यवादी लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्धता जताती रही परन्तु अब वह वर्गहीन समाज के निमार्ण की बात पर जोर नहीं देती थी । इसके उलट साम्यवाद के भविष्य को भी सार्वभौमिक मानववाद की अनिश्चित शब्दावली में अभिव्यक्त किया जाने लगा ।

28वीं कांग्रेस के कार्यक्रम में कहा गया था कि "पार्टी के सामाजिक आदर्श में मानव संस्कृति के सिद्धांत तथा बेहतर जीवन व सामाजिक न्याय की सदियों पुरानी अकांक्षा का समावेश किया गया है ।' या जैसा कि 1991 में गोर्बाचोव ने कहा था - समाजवाद के विचार और आंदोलन के वास्तविक अर्थ को सभ्यता के सामूहिक विकास के जरिए ही प्राप्त किया जा सकता है ।

इन आदर्शों को प्राप्त करने वाले साधनों को लेकर भी सीपीएसयू के रवैये में बदलाव आया। गोर्बाचेव ने इस संबंध में यह बात कही कि अतीत में एक अन्यायपूर्ण समाज का उन्मूलन करने के लिए जनता के पास हिंसक संघर्षों और क्रान्ति का ही सहारा था परन्तु अब आर्थिक समश्द्धि, सामाजिक बदलाव, लोकतांत्रिक संस्थाओं तथा ट्रेड यूनियनों के चलते समाजवादी आदर्शों को सुधारों के जरिए भी प्राप्त किया जा सकता है । पहले जहां इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उत्पादन संबंधों और सर्वहारा की अधिरचना को माध्यम माना जाता था, अब दूसरे समाजों से प्राप्त बहुमूल्य ज्ञान, को भी इन लक्ष्यों को सिद्ध करने का माध्यम स्वीकार किया जाने लगा ।

मानवीय, लोकतांत्रिाक समाजवाद का एक तीसरा पहलू यह था कि अब समाजवाद को मनुष्य की वहत्तर सभ्यता का हिस्सा माना जाने लगा । गोर्बाचोव के अनुसार समाजवाद में 'सार्वभोमिक मानव मूल्यों के प्रवेश से समाजवाद 'वैश्विक रूपांतरण की धारा' में शामिल हो गया। मानव प्रगति की सामूहिकता को स्वीकार करने के बाद समाजवादी व पूंजीवादी चिंतन और विकास का फ़र्क़ बेमानी सिद्ध हो गया। मनुष्यता के सारे संकट को देखते हुए गोर्बाचोव और सुधारों सिद्धांतकारों ने समाजवाद

और पूंजीवाद के बीच सहमति के बिंदुओं की बात करनी शुरू की । इसी के मद्देनज़र फरवरी 1990 के प्लेनम में गोर्बाचोव ने कहा कि 'हमें ऐसी प्रत्येक चीज को त्याग देना चाहिए जिसके कारण समाजवादी देश विश्व सभ्यता की मुख्यधारा से अलग-थलग पड़ गए हैं, हमें प्रगति की उस समझ को भी त्याग देना चाहिए जो सामाजिक रूप से भिन्न दुनिया के साथ टकराव के रास्ते पर ले जाती है । उनके अनुसार नई सोच का उद्देश्य दुनियां को बांटता नहीं बल्कि उसे एक करना था ।

इस तरह अब सीपीएसयू ने अपनी समस्त गतिविधियों में मार्क्सवाद-लेनिनवाद पर निर्भर करना छोड़ दिया था । अब वह समाजवाद को एक ऐसी व्यापक अवधारणा के तौर पर देखती थी जिसमें महान चिंतकों के विचारों, क्रांतिकारी अनुभवों, तथा 20वीं सदी के वस्तुगत बदलावों को समाहित कर लिया था । 28वीं कांग्रेस के कार्यक्रम में इसी भावना को प्रकट करते हुए यह कहा गया था कि सीपीएसयू समाजवाद के सिद्धांत और व्यवहार के संबंध मं एक ऐसी दृष्टि अपनाये जाने की पक्षधर है जो बीसवीं सदी के ऐतिहासिक अनुभवों से प्रतिकश्त हो तथा जिसमें मार्क्स, एंगेल्स और लेनिन की विरासत का समावेश हो । पार्टी के अनुसार इस नए समाजवाद में मनुष्य की तर्कबुद्धि से उपजी महान उपलब्धियों को स्थान दिया जाएगा, तथा आर्थिक प्रबंधन, सामाजिक समस्याओं के निराकरण और लोकतांत्रिक संस्थाओं को विकसित करने के लिए दिनया के संचित अनुभवों से लाभ उठाया जाएगा ।'' ग़ौरतलब है कि इस टिप्पणी में विश्व के संचित अनुभवों से लाभ उठाने की बात करते हुए इस बात की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है कि उनका स्वरूप गैर मार्क्सवादी होगा या मार्क्सविरोधी । अतः मनुष्य जाति और मानव मूल्यों की सार्वभौमिकता को केंद्रीय महत्व दिए जाने का मतलब समाजवाद का विआदर्शीकरण करता था।

कम्युनिस्ट पार्टी का स्थान

चीनी पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया में यह मुद्दा एक समस्या बना रहा कि कम्युनिस्ट पार्टी का समाज में क्या स्थान है । इस संबंध में तीन बिन्दू विशेष महत्व के थे - पहला पार्टी का स्वरूप (वर्गीय), पार्टी

की उच्च भूमिका का स्रोत, तथा अन्य वैकल्पिक राजनीतिक हितों और मतों की बैधता । सीसीपी इनमें से किसी भी बिन्दु पर बुनियादी ढंग से पुनर्विचार करने को तैयार नहीं थी। हालांकि पार्टी ने वर्ग संघर्ष को चीनी समाज की मुख्य परिघटना मानने की बात छोड़ दी थी, परन्तु अपनी अग्रणी भूमिका की वैधता स्थापित करने के लिए वह पार्टी के वर्गीय स्वरूप (अर्थात, सर्वहारा की तानाशाही) पर अब भी जोर देती थी। यह ठीक है कि अब पार्टी ने अपनी वैधता का स्रोत विचारधारा में ढूंढना कम कर दिया था, परन्तु वह अभी भी सत्ता के कानूनी और सांस्थानिक आधार को स्वीकार करने से कतराती थी और अपनी प्रधानता जताने के लिए इतिहास की शरण में जाती थी। हालांकि उसने राजनीतिक और बौद्धिक विमर्श के दायरे को थोड़ा और फैला दिया था, फिर भी वह विमर्श के दायरे को थोड़ा और फैला दिया गया था, फिर भी वह शासन के गैर-वर्गीय आधार को स्वीकार नहीं करती थी। संक्षेप में पार्टी अपनी सत्ताा और सत्य के एकाधिकार पर सवाल खड़े किए जाने को बर्दाश्त नही करती थी ।

इसके बरअक्स सोवियत नेतत्व ने पार्टी की सामाजिक भूमिका को बुनियादी ढंग से संबोधित किया । सर्वप्रथम नेतत्व द्वारा पार्टी के वर्गीय स्वरूप को नकारने से पार्टी उसकी अग्रणी भूमका की वैधता ख़त्म हो गई । जुलाई 1988 में एक मानवीय, लोकतांत्रिक समाजवाद के विचार को स्वीकार किए जाने के बाद धीरे-धीरे Working Class के बजाय व्यक्ति को समाजवादी की अग्रणी शक्ति और लक्ष्य माना जाने लगा । सार्वभौमिक मानव मूल्यों और मानवतावादी आदर्शों के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता ने उसके वर्गीय स्वरूप को क्षीण कर दिया । अंततः पार्टी को महज श्रमिक वर्ग का संगठन मानने के बजाए, यह घोषित किया गया कि पार्टी समान विचारों वाले लोगों का स्वैच्छिक संगठन है ।'' वर्गीय स्वरूप का परित्याग करने के बाद सीपीएसयू के लिए समाज के विभिन्न वर्गों को राजनीतिक जीवन से बाहर रखना, या उन्हें राज्य का शत्रु कह पाना संभव नहीं रह गया था ।

वर्गीय आधार के परित्याग से सीपीएसयू के लिए सत्ता के लोकप्रिय और सांस्थानिक आधार को स्वीकार करना आसान हो गया । 28 वीं कांग्रेस के कार्यक्रम में, इस तथ्य की पुष्टि करते हुए कहा गया कि जनता की संप्रभुइच्छा को ही राजनीतिक सत्ता का स्रोत होना चाहिए' ताकि राज्य समाज पर नियंत्रण कायम करने के बजाए व्यक्ति के अधिकारों, स्वतंत्रता, गरिमा, की बिना किसी भेदभाव के रक्षा कर सके । इसी के साथ पार्टी कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि राजनीतिक सत्ता को प्राप्त करने के लिए चुनावी प्रतिस्पर्द्धा तथा विधि के नियम को माध्यम बनाना चाहिए ।

सत्ता के लोकप्रिय और सांस्थानिक आधार को स्वीकार करने से, पार्टी के एकांगिक दृष्टिकोण या समाजवादी बहुलता के स्वरों के बजाए भिन्न और विरोधी राजनीतिक हितों एवं शक्तियों को भी वैधता मिल गई । 28वीं कांग्रेस में अन्य राजनीतिक संगठनों को सीपीएसयू के साथ समानता का दर्ज़ा प्रदान करते हुए यह कहा गया कि ये संगठन श्रमिकों, किसानों, बुद्धिजीवियों, युवाओं, सेवाक्रर्मियों, और वरिष्ठ लोगों के हितों का प्रतिनेधित्व करते हैं सीपीएसयू की अग्रणी भूमिका तथा राजनीति में उसकी केंद्रीयता को ख़त्म करने के प्रस्ताव पर टिप्पणी करते हुए, गोर्बाचोव ने कहा कि सार्वजनिक और राजनीतिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अन्य राजनीतिक संगठनों को भी बराबर की भूमिका मिलनी चाहिए । उन्होंने आगे कहा - हालांकि हम सीपीएसयू की सत्ता को बनाए रखने के लिए संघर्ष करना चाहते हैं परन्तु हम ऐसा लोकतांत्रिक प्रकियाओं की सीमा के अंदर रहते हुए ही करेंगे तथा अपनी सत्ता से किसी प्रकार का अनुचित लाभ नहीं उठाना चाहेंगे । वैकल्पिक राजनीतिक शक्तियों को वैधता देने से पार्टी को सत्ता और सत्य पर स्थापित एकाधिकार को चुनौती मिलने लगी।

जहां चीन के नेतत्व ने अतीत की समस्याओं और वर्तमान के सुधारों को उत्पादन संबंधों के स्तर पर आंकने का प्रयास किया, वहीं सोवियत नेतत्व ने अतीत की विफलताओं और समाजवाद के पुनर्निर्माण पर दृष्टिपात करते हुए व्यक्ति की अवहेलना को ज़्यादा महत्व दिया ।

आखिर में, अतीत के अपूर्ण विश्लेषण तथा व्यक्ति के महत्व पर पर्याप्त ध्यान न देने के कारण सीसीपी अपनी सामाजिक भूमिका पर बुनियादी ढंग से विचार नहीं कर पाई । इसके विपरीत गोर्बाचोव के नेतत्व ने समाजवाद के केंद्र में व्यक्ति को स्थापित किया । इसका परिणाम यह हुआ कि समाज के अन्य संगठित समूहों के बनिस्वत पार्टी का स्थान अहम् नहीं रह गया ।

समाजवाद के चीनी और सोवियत पुनमूल्यांकनों के बीच दो प्रमुख अंतर थे । इन दोनों देशों में सुधारों की दिशा तथा समाजवाद के भविष्य पर इन अंतरों का गहरा प्रभाव पड़ा। पहले, चीनी पुनर्मूल्यांकन की तरह सोवियत पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया Zigzag नहीं थी । सोवियत संघ में पुनः समीक्षा के इस काम में राजनीतिक अंतरालया समय-समय पर चलाए गए विशेष अभियान ज़्यादा महत्वपूर्ण नहीं थे। नेतत्व ने विरोध को प्रतिबंधित न करके उसे अपनी गति से बढ़ने दिया । दूसरे, जहां तक पुनर्मूल्यांकन की अन्तर्वस्तु का प्रश्न है, सोवियत नेतत्व ने चीनी नेतत्व द्वारा खड़ी की गई वर्जनाओं को अपने यहां विकसित नहीं होने दिया उसने स्थापित व्यवस्था के आधार पर गंभीर सवाल खड़े किए और तंत्रा की ख़ामियों को उजागर करते हुए व्यक्ति को राजनीतिक जीवन तथा सामाजिक विकास का लक्ष्य घोषित किया । यही नहीं सोवियत नेतत्व ने विरोधी राजनीतिक विचारों एवं हितों को भी स्वीकृति दी और इस प्रक्रिया में व्यवस्था की अग्रणी भूमिका को नकार दिया ।

यहां एक महत्वपूर्ण सवाल खड़ा होता है कि चीन और सोवियत संघ में पुनर्मूल्यांकन का अलग-अलग ढंग से विकास क्यों हुआ ? सोवियत पुनर्मूल्यांकन अपने चीनी दृष्टांत से आगे कैसे निकल गया । इन सवालों की एक संभावित व्याख्या यह हो सकती है । कि प्रारंभिक अवस्था में चीन में आर्थिक सुधारों और आर्थिक समीक्षा का काम ज़्यादा सटीक ढंग से किया गया । चीनी और सोवियत दोनों ही नेतत्वों में विचार को छोड़ने के पश्चात्भारी उद्योगों और मात्रात्मक वद्धि तथा कमांड अर्थव्यवस्था के सोवियत मॉडल को भी गलत बताया । गौरतलब है कि भारी उद्योगों और

मात्रात्मक वद्धि का उद्देश्य निवेश और वद्धि की दिशा को कषि और हल्के उद्योगों की ओर मोड़ना था जबकि कमांड अर्थव्यवस्था को सर्वाहार बाज़ार और ग़ैर सार्वजनिक स्वामित्व के क्षेत्र को पूरक भूमिका में लाना था । पुनसंयोजन और सुधार के ये तरीके सफल रहे जिसके परिणामस्वरूप चीनी नेतस्व ने आर्थिक क्षेत्र पर ध्यान देने की नीति को बनाए रखे । आर्थिक सुधारों की वस्तुगत सफलता से नेतस्व में यह विश्वास पैदा हुआ कि आर्थिक और राजनीतिक दायरों को पषक करवा सकता है ।

सोवियत संघ के मामले में आर्थिक सुधारों को प्रारंभिक असफलाओं ने नेतस्व को राजनीतिक व्यवस्था की ओर मुडने को मजबूर किया । चीनी नेतस्व की दष्टि में सोवियत आर्थिक सुधारों की प्रारंभिक असफलता के तीन कारण थे - पहला, सुधारों की शुरूआत के समय सोवियत नेतस्व भारी उद्योगों के मॉडल को पुनःसमायोजित नहीं कर पाया, वह इस मॉडल का उचित आंकलन भी नहीं कर पाया । इस तरह समस्त निवेश और वशद्धि, रक्षा उद्योग सहित भारी उद्योगों पर निर्भर बने रहे । दूसरे उद्यम के स्तर पर शुरू किए गए सूक्ष्म आर्थिक सुधारों के लिए राष्ट्र-व्यापी स्थूल आर्थिक सुधारों की व्यवस्था नहीं की गई जिसके चलते अर्थव्यवस्था पटरी से उतर गई ।

जहां चीन के सुधारों को लागू करते हुए आवश्यक आर्थिक नियंत्राण को बनाए रखा गया और उत्पादन इकाईयों के बीच प्रतिर्स्पद्धा की भावना का विकास किया गया, वहीं सोवियत सुधार उद्यमों की बढ़ती स्वायत्तता पर केन्द्रित थे । उनमें राज्य नियोजन की भूमिका ख़त्म हो गई थी । तथा उन पर स्कूल आर्थिक नियंत्राण कमजोर पड़ गया था । सुधारों की इस प्रक्रिया पर किसी मूल्य, वित्तीय या कराधानी नीति का नियंत्राण नहीं था । तीसरे सोवियत संघ में आर्थिक सुधारों को अनमने और अव्यवस्थित ढंग से लागू किया गया । सोवियत नेतस्व ने तीसरी समस्या पर ध्यान दिया था और, इसी कैडर के विरोध और जनता की उदासीनता का परिणाम बताया था । इसी के चलते नेतस्व ने राजनीतिक सुधारों की ओर रूख किया । परन्तु राजनीतिक सुधारों के राष्ट्रीय चर्चा का विषय

बनते ही, गर्मागर्मी का माहौल पैदा हो गया और स्थिति नियंत्राण से बाहर हो गई । इसका परिणाम यह हुआ कि आर्थिक सुधारों के प्रयास स्थगित कर दिए गए ।

दोनों ही देशों में राजनीतिक शक्तियों के संतुलन के वैचारिक समीक्षा के परिणामों और उसकी प्रक्रियागत भिन्नताओं पर गहरा प्रभाव पड़ा । हालांकि 1980 के मध्य तक चीन के अधिकांश वरिष्ठ नेता राजनीति से हट चुके थे, परन्तु अपनी औपचारिक प्रभाव के ज़रिए वे राष्ट्रीय राजनीति में अब भी सक्रिय भूमिका निभाते रहते थे । पुनर्संयोजन की नीति के लागू करने एवं नए-पुराने आर्थिक निर्णयों के बीच संतुलन बनाये रखने में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। यही नहीं संक्रमण की गति को नियंत्रित करने और सुधारों के दुष्परिणामों को सीमित बनाए रखने में भी वरिष्ठ नेताओं की महत्वपूर्ण भूमिका थी । इसके अलावा पूनर्मूल्यांकन की सीमा तय करने में रूढिवादी नेताओं की भी कम बडी भूमिका नहीं थी । विद्रोही स्वरों की निंदा और चार सिद्धांतों के समर्थन में वे हमेशा तत्पर रहते थे ।

इसके विपरीत, सोवियत संघ में गोर्बाचोव की सुविचारित योजना के चलते रूढिवादी ताक़तों का राजनीतिक एवम् वैचारिक प्रभाव घट गया था । वहां जब भी महत्वपूर्ण सुधारों को लेकर विवाद खड़ा होता था तो वरिष्ठ नेताओं का कोई न कोई समूह पार्टी छोड़ देता था । ग़ौरतलब है कि सोवियत मामले में विचारधारात्मक कार्य की ज़िम्मेदारी उदारवादी समर्थकों के हाथ में छोड़ दी गई थी । राष्ट्रीय विमर्श पर अपने नियंत्रण के चलते उन्होंने नीति संबंधी एजेंडा को गहराई से प्रभावित किया । रूढिवादी ताकतों की कमजोरी के चलते सोवियत सुधारों ने एक ज़्यादा रेडिकल और एकतरफ़ा चरित्र ग्रहण कर दिया । पीढ़ीगत अंतर के अलावा पार्टी के अंदर लाकतांत्रिक केंद्रवाद के तत्व अनुशासन ने भी गोर्बाचोव ने सांगठनिक फेरबदल को सफ़ल बताया । इसी के चलते रूढ़िवादी तब भी बिना हंगामा किए पार्टी से चुपचाप बाहर निकल गए । दूसरे शब्दों में, गोर्बाचोव के उक्त प्रयास इसलिए भी ज़्यादा सफल रहे क्योंकि पार्टी के अधिकारी और केंद्रीय समिति के सदस्य

असहमति के बावजूद लोकतांत्रिाक केंन्दवाद का पालन करते थे । इसके उलट चीन में वरिष्ठ नेताओं द्वारा सामान्य राजीनीतिक प्रक्रियाओं को भंग करने के बावजूद देश को अलग-थलग करने का निर्णय नहीं लिया इसलिए वहां रूढ़िवादी शक्तियां का पूर्ण उन्मूलन होने से बच गया। यह एक रूचिकर तथ्य है कि चीनी बुद्धिजीवियों के मुकाबले सोवियत बुद्धिजीवियों की शक्ति ज़्यादा व्यापक थी ।

इस संदर्भ में दोनों देशों के नेतत्व पर भी विचार करना आवश्यक है, क्योंकि परिवर्तन की दिशा तय करने में उसकी निर्णायक भूमिका थी । सुधारों की इब्तदा के वक़्त आर्थिक विफलताओं और मानवीय त्रासदियों के लिहाज़ से दोनों देशों के अनुभव एक समान थे । मानवीय त्राासदी की दष्टि से चीन में सांस्कत्तिक क्रांति और सोवियत संघ में स्टालिन का दौर क्रांति उत्तर-काल का सबसे दर्दनाक दौर था । फिर भी एक जैसे अनुभवों और एक समान व्यवस्थाओं वाले इन देशों में पुनर्मूल्यांकन अलग-अलग दिशाओं में क्यों विकसित हुआ ? इस सवाल का जवाब चीनी और सोवियत नेतत्वों की समझ व निर्णय क्षमता के फ़र्क़ में ढूंढा जाना चाहिए । चीन के सुधार समर्थक और रूढ़िवादी नेताओं दोनों ने ही सा. क्रांति-पूर्व के अतीत को पूरी तरह नहीं नकारा, कयोंकि वह ख़ुद उनका भी अतीत था । चीनी नेतत्व का सारा जोर आर्थिक सुधारों पर था क्योंक सांस्कत्तिक क्रांति के बाद वहां की अर्थव्यवस्था बुरी तरह गड़बड़ा गई थी । इसलिए देगं सांस्कत्तिक क्रांति के दिनों की दुर्दशा की ओर संकेत करके राजनीतिक स्थायित्व के पक्ष में माहौल बनाते थे। वे राजनीतिक स्थायित्व को आर्थिक विकास की अनिवार्य शर्त मानते थे । गोर्बाचोव ने समूचे अतीत का खंडन किया, क्योंकि उसके साथ उनका कोई जुड़ाव नहीं था । गोर्बाचोव ने मानवीय लक्ष्यों को आर्थिक लक्ष्यों से बड़ा बताया तथा राजनीतिक सुधारों की भी वकालत की । वे समझते थे कि इन कदमों से समाजवाद को एक नया जीवन मिलेगा । गोर्बाचोव की 'नई सोच' पर किन्हीं बुनियादी सिद्धान्तों की बंदिशें नहीं थीं । हू याओवांग की तरह वह भी एक आदर्शवादी मार्क्सवादी थे । और लोकप्रिय शासन के आदर्श में ईमानदारी से यकीन करते थे । उन्हें यह गलतफहमी थी कि एक समुचित आर्थिक आधार था पार्टी के बिना भी समाजवाद राष्ट्र की मुख्य पसंद बना रहेगा ।

अध्याय - 4

समाजवादी ब्लॉक का बिखराव व चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की प्रतिक्रिया

सोवियत संघ में पहले कम्युनिस्ट शासन की समाप्ति तथा फिर स्वयं सोवियत संघ का बिखराव पिछली सदी की उन महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाओं में भी जिसने दुनिया के स्तर पर विशेषतः 1990 के पश्चात राजनीतिक परिपेक्ष्य व शक्ति सन्तुलन को एक नई दिशा प्रदान की । राजनीतिक स्तर पर एक और सोवियत संघ के बिखराव और शीत युद्ध की समाप्ति के बाद अमेरीका एकमात्र विश्व शक्ति के रूप में सामने आया वही अर्थव्यवस्था के क्षेत्रा में समाजवादी नियोजित अर्थव्यवस्था की स्वीकार्यता का पतन हुआ तथा बाजार अर्थव्यवस्था के रूप में पूंजीवादी अर्थतन्त्रा का उभार हुआ। इसके साथ ही जो सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन सोवियत संघ व पूर्वी यूरोप के कम्युनिस्ट शासन की समाप्ति के पश्चात आया उसकी प्रकृति विचारधारा के स्तर पर थी। 'इतिहास के अन्त' जैसी सोच के विकसित होने में निःसन्देह पूर्वी यूरोप व सोवियत संघ में विकसित हुई परिस्थितियों का महत्वपूर्ण योगदान था । सामाजिक विकास के हर पहलू की दृष्टि से स्वयं को उच्चतर विचारधारा के रूप में स्थापित किए गए मार्क्सवादी दावे की विचारधारा पर दुनिया भर में प्रश्न चिन्ह लगने शुरू हुए तथा उदारवाद अपनी बाज़ारू अर्थव्यवस्था व 'व्यक्ति स्वतन्त्राता' के साथ लोकतन्त्र के रूप में स्थापित करने की ओर अग्रसर है । कुल मिलाकर पूर्वी यूरोप व सोवियत संघ के बिखराव ने 1990 के पश्चात सामाजिक मूल्यों में भारी परिवर्तन ला दिया और निश्चित ही यह नए मूल्य पूंजीवाद के मूल्य थे ।

4.1 चूंकि चीन की 20वीं सदी का इतिहास विशेषकर कम्यूनिस्ट पार्टी की स्थापना के

पश्चात बहुत गहरे तक सोवियत संघ के विकास से प्रभावित रहा अतः यह समझना बहुत अहम है कि समाजवादी केन्द्र व विश्व शक्ति के रूप में सोवियत संघ के बिखराव सरीखी राजनीतिक उथल-पुथल को चीन किस रूप में समझा और इस समझ पर आधारित चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की इस पर क्या प्रतिक्रिया रही? यह अध्याय चीनी कम्यूनिस्ट पाटी की प्रतिक्रियाओं का अध्ययन करते हुए इस बात को भी ध्यान में रखेगा कि चीन की घरेलु राजनीतिक परिस्थिति और सोवियत संघ में हो रहे बदलावों के बीच सम्बंध की प्रकृति क्या थी? राजनीतिक उथल-पुथल के उस दौर में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी में आर्थिक सुधारों के भविष्य को लेकर गंभीर और उत्तोजक बहसें चलीं जो कि पूर्वी यूरोप के समाजवादी पतन, चीन में थ्येनानमेन आन्दोलन और सोवियत संघ में कम्यूनिस्ट शासन के पतन से प्रभावित थी । इन बहसों और कम्यूनिस्ट पार्टी के अन्दर राजनीतिक मतभेदों ने सोवियत संघ के प्रति उस दौर में चीन की नीति को प्रभावित किया ।

अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में विदेशी ताक़तों से अपने सम्बंधों के संदर्भ में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी 'दूसरे देशों के अन्दरूनी मामलों में हस्तक्षेप न करने' की नीति का अनुसरण करती रही, और यही नीति पूर्वी यूरोप व सोवियत संघ के संदर्भ में भी मानी गई। मई 1989 में गोर्वाचोव व तंग सियाओ पिंग के बीच बीजींग में हुई चीन-सोवियत उच्च स्तरीय बैठक में दूसरे देशों के अन्दरूनी मामलों में दख़ल न देने, हस्तक्षेप न करने की समझ पर काफ़ी ज़ोर दिया गया । दोनों तरफ़ से यह सहमति भी बनी कि 'विचारधारा के स्तर पर असहमतियों को दोनों देशों के आपसी सम्बधों के बीच नहीं आने दिया जाए । 1989 और 1990 के दौरान पूर्वी यूरोप के कई कम्युनिस्ट शासकों की समाप्ति पर चीन के विदेश मंत्रालय ने बार-बार 'हस्तक्षेप न करने' की नीति की घोषणा की तथा सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी के शासन की समाप्ति तथा सोवियत संघ के 1991 में बिखराव तक इसी नीति का अनुसरण किया जाता रहा । 20 अगस्त 1991 सोवियत संघ में तख़्ता पलट के

अगले दिन चीनी विदेशी मंत्रालय के प्रवक्ता ने घोषणा की' सोवियत संघ में हो रहे बदलाव उनका अन्दरूनी मामला है, और चीन दूसरे देशों के भीतरी मामलों में हस्तक्षेप न करने की अपनी नीति का अनुसरण करेगा' [1] और यही वक्तव्य सोवियत संघ में तख़्ता पलट के असफल हो जाने पर भी दोहराया गया ।[2]

बीजींग में 1989 में लोकतंत्र के नाम पर हुए व्यापक आन्दोलन के दमन के पश्चात 'हस्तक्षेप न करने' की नीति अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर चीन की विदेश नीति का अहम हिस्सा बन गई। हस्तक्षेप न करने की चीनी नीति ने सोवियत संघ व पूर्वी यूरोप में आने वाली किसी भी नयी सत्ता से अपने आर्थिक व राजनीतिक सम्बंधों को स्थायी बनाया । 1989 में पूर्वी यूरोप की 'कम्युनिस्ट सरकारों' के ख़िलाफ़ 'कम्युनिस्ट शासन विरोधी ताक़तों' की सफलता ने यह दर्शा दिया था कि सोवियत संघ की शक्ति व राज्य पर उसका नियंत्राण तथा प्रभाव घट रहा है। पूर्वी यूरोप के संदर्भ में गौर्बाचोव की नीति ने वहाँ के राजनीतिक हालातों में पवितर्न लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने समाजवादी शासन की पूर्वी यूरोप से समाप्ति पर मूलतः गौर्बाचेव की 'नई सोच' को ज़िम्मेदार माना । और गौर्बाचोव से अपनी इस समझ को ज़ाहिर करने के लिए चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने 1990 के शुरूआत में तय हुई जिंयाग जैमिन की यात्रा को रद्द कर दिया ।[3] जिंयाग जैमिन की जगह प्रधानमंत्री ली पिंग की यात्रा रखी गई जो कि चीनी राज्य के प्रतिनिधि के तौर पर थी न कि कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधि के रूप में ।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के उच्च नेता 'वांग चेन' लगातार इस समझौते के ख़िलाफ़ थे, वांग

---

1. Xinhua, 20 August 1991, in *Foreign Broadcast Information Service, Daily Report*, China, (hereafter *FBIS-CHI*), 20 August 1992, p. 7.
2. *Renmin ribao* (People's Daily), 28 August 1991, in *FBIS - CHI* 28 August 1991 pp. 2-3
3. During their Sep. 1989 meeting Alexander Yokovlers has conveyed to Zhu Ling a letter from Gorbachev inviting Jiang to visit the Soviet Union "at a time convenient for him." *TASS* 11 Sep 1989, in *Foreign Broadcast Information Services, Daily Report, Soviet Union* (hirafter *FBIS - SOI*), 12 Sep 1989, p. 16.

महसूस करते थे कि सोवियत नेताओं को चीन के प्रधानमंत्री की यात्रा से नहीं नवाज़ा जाना चाहिए ।[4] यह बात तय थी कि पूर्वी यूरोप की परिस्थितियों के लिए चीनी कम्युनिस्ट पार्टी सीपीएसयू व गौर्बाचेव को जिम्मेवार मान रही थी।

दिसम्बर 1989 में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केन्द्रीय समिति ने पार्टी में पूर्वी यूरोप में आए बदलावों के सन्दर्भ में एक 'मसविदा' प्रकाशित किया। जिसका शीर्षक था 'सार्विक सोचो' (Unifying Thinking) इसमें पूर्वी यूरोप में कम्युनिस्ट शासन की समाप्ति पर विश्लेषण करते हुए पाँच कारणों का उल्लेख किया गया था प्रथम 'कम्युनिस्ट पार्टी के अन्दर कम्युनिस्ट विरोधी तत्वों का आस्तित्व' व दूसरा कारण था 'पूर्वी यूरोप की कम्युनिस्ट पार्टियों व कम्युनिस्ट शासन का गहरे से सोवियत संघ से प्रभावित होना ।[5] ("were heavily influenced by the Soviet Union") चीनी कम्यूनिस्ट पार्टी के इस विश्लेषण में जहाँ पूर्वी यूरोप की कमजोरी की आलोचना थी, वहीं यह सोवियत संघ के राजनीतिक शासन को भी रेखांकित करता है ।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का दूसरा 'अन्दरूनी दस्तावेज़' ली पिंग की सोवियत यात्रा से पहले निकाला गया। यह दस्तावेज़ चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की एक ओर पूर्वी यूरोप में समाजवादी पतन पर प्रतिक्रिया थी वहीं यह तत्कालीन समय में सोवियत संघ में आर्थिक व राजनीतिक सुधारों पर समझ भी थी । अप्रैल 1990 के इस दस्तावेज़ में कहा गया, "गौर्बाचेव संशोधवादी हैं जिसने पूरी तरह से मार्क्सवाद - लेनिनवाद के सिद्धान्तों से धोखा किया है, वह अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर वर्ग संघर्ष की अवधारणा को नकारता है जिसमें कम्युनिस्ट पार्टी के चरित्रा को पूरी तरह से बदल दिया है। और वह पश्चिमी तरीकों पर आधारित संसदीय लोकन्त्रा को लागू कर रहा है ।[6]" ("completely betrayed

4. Kyodo, Tokyo, 9 Dec 1989, in *FBIS - CHI*, 12 Dec 1989 p. 5.
5. *Jingji Ribao* (Economic Daily), Hong Kong, 11 December 1989, in *FBIS - CHI*, 13 Dec 1989 p. 7.
6. *Zhonggon Yifen Zhonghao jimi wenjian quanwen*," ("Complete text of several important secret CCP documents") in Zhengining (Contention), No.151 (1 May 1989), pp. 8-10.

the basic principles of Marxism-Leninism. In essence, he denies class struggle in the international sphere, has changed the character of the Communist party, and implemented Western-style parliamentary democracy.")

गौर्बाचोव के सुधारों के सन्दर्भ में यह दस्तावेज़ कहता है - 'तथ्य प्रत्यक्षतः यह साबित करते हैं कि गौर्बाचोव के सुधार किसी तरह की समाजवादी व्यवस्था का रूप नहीं है बल्कि वह पूंजीवाद की तरफ़ एक आधारभूत यात्रा है, सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी के फरवरी 1990 प्लेनम में जो कार्यक्रम चुना गया है वह सोवियत संघ को केवल समाजवाद के साथ गद्दारी की ओर ले जाएगा न सिर्फ़ यह सोवियत संघ को सामाजिक राजनीतिक आर्थिक व राष्ट्रीयताओं के संकट से भागने को प्रेरित करेगा बल्कि साथ ही हर तरह के अन्तर्विरोधों को तीखा करेगा और सोवियत संघ व पूर्वी यूरोप को एक लम्बे समय तक अव्यवस्था तथा अस्थायित्व में डाल देगा ।''[7]

गौर्बाचोव की 'संशोधनवादी' 'नई सोच' को लेकर चीन की कम्युनिस्ट पार्टी में इससे खुले रूप से संघर्ष करने पर चर्चा थी । लंग लिगची चेन युन जैसे पार्टी के बड़े नेताओं ने 'बुर्जुआ उदारीकरण'' के गौर्बाचोवी संस्करण को चीन में सुधारों के बुर्जुआ विचारधारा को पनपने ने देने हेतु पार्टी स्तर पर संघर्ष भी शुरू किया, परन्तु तंग सियाओ पिंग की राय थी-हमें इससे बचना चाहिए विचारध ाारात्मक मतभेदों को देनों देशों के सम्बधों में नहीं लाना चाहिए । परन्तु चीनी कम्युनिस्ट पार्टी में व चीन के अन्दर गंभीर 'वैचारिक संघर्ष' गौर्बाचोव के 'संशोधनवाद' के ख़िलाफ़ जारी हो गए । इसी दौरान तंग सियाओ पिग ने ये दिशा निर्देश जारी किए जो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के दुनियाभर के समाजवादी व्यवस्था में आए संकट पर एक महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया थी । ("Observe developments

7. Ibid.

soberly, maintain our position, meet challenges calmly, hide our capacities, bide our time, remain free of ambitions, and never claims leadership.")[8]

१.२ जहाँ एक ओर चीन की कम्युनिस्ट पार्टी में पूर्वी यूरोप के पतन व सोवियत संघ में लगातार बढ़ी रही अस्थिरता के लिए गौर्बाचोव व उसकी नई सोच को ज़िम्मेवार ठहराया और प्रतिकान्तिकारी के रूप में उसकी आलोचना की जा रही थी वहीं चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ अपने सम्बंधों को विकसित करना भी शुरू किया । गौर्बाचोव की 1989 में बीजींग यात्रा से लेकर 1991 में सोवियत तख़्ता पलट की घटना तक मास्को और बीजिंग के बीच कई उच्च स्तरीय सरकारी यात्राएं व पार्टी नेताओं की प्रतिनिधि यात्राओं का सिलसिला चला । एक तरह से सोवियत संघ और चीन के बीच बढ़ते हुए सम्बन्ध तथा अपनी नीतियों में राजनीतिक दृष्टिकोण में परिवर्तन महत्वपूर्ण था। हालांकि १९८९ में तंग सियाओ पिंग और गौर्बाचेव के बीच हुई बैठक में सम्बंधों को बढाने और अधिक बैठकों के आयोजन पर सहमति बनी थी।

गौर्बाचेव ने 1989 में चीन में 'लोकत्रातांत्मक आंदोलन' के दमन को 'समझ सकने' की भाषा में समर्थन दिया । परन्तु कुछ समय पश्चात गौर्बाचोव की 'समझ सकने की नीति में व्यापक परिवर्तन दिखता है, और महत्वपूर्ण रूप से अगर यह वह दौर था जिसमें सोवियत संघ के अन्दर सुधारों की प्रकृति का केन्द्र आर्थिक से राजनीतिक हो रहा था । सोवियत संघ में ख़ासकर गौर्बाचोव की यह राय बन रही कि राजनीतिक रूप से बदलाव व सुधर के बिना सोवियत संघ में कोई सुधार कार्यक्रम लागू नहीं हो सकता । एक नपी-तुली भाषा में सोवियत संघ की सुप्रीम सोवियत के पहले सेशन में । अगस्त को गौर्बाचोव ने कहा, "हम सबसे अधिक गंभीर समस्याओं का राजनीतिक हल निकालने

8. Shih Chun-yu, "China, Soviet Union establish new relations of good-neighbourliness, co-operation," Da gong bao, HonKong, 16 May 1991, in *FBIS-CHI*, 16 May 1991 p. 13-14.

के पक्ष में है, जो कि प्रशासन व लोगों के बीच राजनीतिक आदान-प्रदान से संभव है यह हमारा विश्वास है, यही पद्धति है जो हमने अपने लिए चुनी है, मेरा विश्वास है कि यह हमारी व बदलने वाली समझदारी व पक्ष है ।[9]"

बोरिस येल्तसिन जो कि सुधारों की तेज़ी का कट्टर समर्थक था, कड़े रूप से अपनी समझ व्यक्त की तथा 1989 की बीजिंग घटना को 'स्टालिनवादी इतिहास की वापसी' के रूप में सम्बोधित किया ।[10] मास्को न्यूज कमंटेटर बोविन ने 'ली पिंग' की अप्रैल 1990 की यात्रा से पहले सोवियत उदापंथी विचारों को सम्बोधित करते हुए कहा, "ताक़त का इस्तेमाल कभी भी लोगों को खुश नहीं रख सकतों अपने विरोधियों पर ताक़त के इस्तेमाल का चीनी उदाहरण 'दबोचने' जैसा था जो कि आसान और पारंपरिक है परन्तु हमें एक बार यह कहना चाहिए और हमेशा के लिए कि आदमी को ताक़त के ज़रिए खुश नहीं रखा जा सकता ।" ("simple and traditional..... But we should say once and for all that man cannot be made happy by force.")[11]

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की इस दौरान नीति को दर्शाने वाला प्रत्यक्ष प्रमाण अप्रैल 1990 में तंग सियाओ पिंग के पोलित ब्यूरो में दिए गए वक्तव्य से मिलता है "we must place our hopes in the Soviet people, place our faith in the broad masses of true Bolshevik party members."[12] सोवियत संघ में अगस्त 1991 के तख़्ता पलट के कुछ ही दिन पूर्व हांकांग की एक पत्रिका के हावाले से चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के एक भाषण में कहा गया कि "we must unite with the progressive

---

9. Alexander Lukin, "The initial Soviet reaction to the events in China in 1989 and the prospects for Sino-Soviet relations," *The China Quarterly*, No. 125 (March 1991), p. 124.
10. Lincoln Kaye, Tai Ming Cheung and Julian Baum, "Bitter Medicine", *FEER*, 5 Sep 1991, p. 10.
11. Aleksandr Bovin, "China, the USSR, and Europe," Moscow News, 8 April 1990, in *FBIS - CHI*, 30 April 1990 pp. 12-13.
12. *Zhengming*, 1 May 1990, p. 5.

elements within foreign Communist parties that uphold Marxism-especially the healthy force within the Soviet army, the KGM, and the party-and these people should be invited to visit China.")[13]

अलेक्सेन्डर विअमरतयनरत के साथ अपनी बैठक के दौरान बीजिंग में ली पिंग ने सोवियत विदेश मंत्री से कहा, "the methods of buildings one's own country and the kind of the road to take are matters which could be decided by the people of that country... the Chinese side is {nevertheless} concerned about the situation in the Soviet Union, hoping that it will enjoy political stability, economic development and national unity." [14]

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य ली शिमिंग मार्च 1991 में मास्को की यात्रा पर थे, उन्होंने कहा कि "we sincerely hope that the comrades of the Soviet Communist Party will surely resolve the current problems... and move the situation into a trake of steady and healthy development."[15]

अपनी मई 1991 की सोवियत संघ यात्राा के समय जिंयांग जेमिन ने गौर्बाचोव से कहा, "हम इस बारे में सजह हैं कि सोवियत संघ जटिल और परेशानी से भरे समय का अनुभव कर रहा है । यह हमारी दिली उम्मीद है कि महान सोवियत जनता जिसने मानवता के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और जो एक यादगार क्रान्तिकारी परंपरा को अपने में संजोए है अपनी हालिया अस्थायी समस्याओं को दूर कर अपने सामाजिक सुधार और निर्माण पर अन्तिम विजय प्राप्त

---

13. Tsai Yung- mei, "Beijing's reactions."
14. Xihua, 1 April 1991, in FBIS - CHI, 2 April 1991 pp. 9-10.
15. Xihua, 27 March 1991, in FBIS - CHI, 27 March 1991 p. 2

करेगा।"[16] सोवियत उप राष्ट्रपति ग्रेनड़ी मानयेव (अगस्त तख़्ता पलट का अध्यक्ष) को जियांग जैमिन ने उम्मीद ज़ाहिर की, "सोवियत संघ समाजवादी रास्ते पर कायम रहेगा।"[17] चीन और सोवियत संघ दोनों इस समस्या से जुझ रहे हैं कि किस तरह समाजवादी व्यवस्था को स्थायी बनाए रखा जा सके साथ ही जियांग जैमिन ने कहा, और हमें पश्चिमी देशों के उन प्रयासों को भी कम करके नहीं आंकना चाहिए जिनसे वो चीन और सोवियत संघ में सुधारों की आड़ लेकर अपनी पश्चिमी विचारधारा को अर्थव्यवस्था व उत्पादन के क्षेत्रा में मज़बूती के आधार पर फैलाना चाह रहा है ।"[18] इसके अलावा स्वयं तंग सियाओ पिंग का इस दौरान सीपीएसयू व गौर्बाचोव के बारे में बदले आंकलन का उदाहरण मिलता हैं तंग ने कहा, "हम उनके 'नए विचारों' को नकार नहीं सकते सोवियत संघ पूर्वी यूरोप से भिन्न है वह अभी भी समाजवाद चाहते हैं। हमें गौर्बाचेव की वर्तमान समस्याओं को समझना चाहिए हम अकेले समाजवाद का झण्डा उठाकर नहीं रख सकते यह बहुत भारी है ।"[19]

यह तमाम वक्तव्य तथा कूटनीतिज्ञ यात्राओं के दौरान, पूर्वी यूरोप के पतन के बाद दी गई प्रतिक्रियाएं चीन कम्युनिस्ट पार्टी की नीति के बारे में तथा सोवियत संघ में तेज़ी से हो रहे परिवर्तन के दौर में नये विश्लेषण या पार्टी के रूख में किन्हीं भी वजहों से आए परिवर्तन को रेखांकित करते हैं ।

1.3 अप्रैल 1990 में जियांग जैमिन के बदले ली पिंग की सोवियत संघ की यात्रा से एक और चीन ने सोवियत संघ से अपनी नाराज़गी (पूर्वी यूरोप के पतन व फरवरी प्लेनम के संदर्भ) ज़ाहिर की वहीं यात्रा के दौरान चीन ने कम अवधि वाले 500 मिलियन सरकारी उधार चीनी हल्के

---

16. Xihua, 17 May 1991, in *FBIS - CHI*, 21 May 1991 p. 10.
17. Tsai, Yong-mei, "*Beiging's reactions*," p. 16.
18. Shih Chun-yu, "China, Soviet Union agree to expand co-operations." Da Gong Bao, 18 May 1991, in *FBIS - CHI*, 21 May 1991 pp. 14-15.
19. Xihua, 25 April 1990, in *FBIS - CHI*, 26 April 1990 p. 18.

औद्योगिक उत्पादों की खरीदारी के लिए दिए ।[20] सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी के डेप्यूटी सेक्रेटरी जनरल "हलादिमी इब्बासलो" की फरवरी 1991 बीजिंग यात्रा के दौरान चीनी खाद्य सामग्री ख़रीदने के लिए ।" बिलियन स्विस फ्रैक का उधार दिया ।[21] इस दौरान जब चीन में सोवियत सुधारों व गौर्बाचोव को लेकर तथा सुधारों के चलते 'बुजुर्आ उदारीकरण' पर गम्भरी विचारधारात्मक बहसे पार्टी स्तर पर जारी थी, चीन द्वारा सोवियत संघ को यह अनुदान बहुत महत्वपूर्ण अंन्तर्राष्ट्रीय परिस्थिति में दिया गया । जनवरी 1991 में पश्चिमी देशों की समूह - 7 ने 15 बिलियन अमेरीकी डालर जो कि खाद्य और तकनीकी सहायता हेतु सोवियत संघ को मिलने थे को रद्द कर दिया गया था तथा और अनुदान हेतु होने वाली बैठक भी टाल दी गई । अमेरीका ने भी सोवियत संघ को मिलने वाली 1.5 बिलियन डालर की सहायता की बात आगे विचार हेतु बढ़ा दी, साथ ही जार्ज बुश व गौर्बाचेव के बीच होने वाली बैठक को टाल दिया गया ।

इस परिस्थिति में चीन द्वारा दिया गया अनुदान न सिर्फ़ आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण था अपितु उसका तत्कालीन परिस्थितियों में राजनीतिक महत्व भी समझा जा सकता है । इस तरह चीनी कम्युनिस्ट पार्टी सोवियत संघ की प्रति अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग तरह की नीति का अनुपालन कर रही थी ।

1.4 मई 1991 में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के जनरल सेक्रेटरी जियांग जेमिन अन्ततः लम्बे समय से रूकी सोवियत संघ की यात्रा पर गौर्बाचोव के निमन्त्राण पर गए । चीन और सोवियत संघ के बीच 1989 के पश्चात यह दूसरी उच्च स्तरीय बैठक थी तथा सांकेतिक रूप से इसका राजनीतिक महत्व

---

20. *Renmin Ribao*, 3 March 1991, in *FBIS - CHI*, 6 March 1991 pp. 1-2.
21. Tso Ni, "Chinese pilots to be trained in the Soviet Union," *Zhengming*, No. 163 (1 May 1991) in *FBIS CHI*, 1 May 1991 pp. 11-12.

भी अधिक था ।

1989 में पूर्वी यूरोप में समाजवादी व्यवस्था की समारित, तथा सोवियत संघ गौर्बाचोव द्वारा लागू किए जा रहे सुधार कार्यक्रमों के बाद चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के गौर्बाचेव को 'संशोधनवादी', 'वर्गीय गद्दार' पतित मार्क्सवादी आदि कहा था। परन्तु 1989 के अन्त से गौर्बाचेव के बारे में कम्युनिस्ट पार्टी का रूख़ बदलने लगा और उस पर हमले बन्द हो गए । जिंयाग जैमिन की मास्को यात्राा चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की इस बदली राय को परिलक्षित भी करता है ।

फरवरी 1991 में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रचार विभाग द्वारा प्रसारित एक दस्तावेज़ कहता है, "सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्यों को भारी बहुमत ने परिस्थितियों पर नई और सामूहिक दृष्टि डाली है ।"[22] सम्भवतः सोवियत संघ में कम्युनिस्ट और कम्युनिस्ट विरोधी ताक़तों के बीच टकराव (1990 के मध्य) में गौर्बाचेव दो शैतानों में कम शैतान व एकमात्रा यथार्थवादी संयुक्त कम्युनिस्ट ताक़तों का प्रतिनीधि रह गया था। सम्भवतः यह बदलाव सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी की जुलाई 1990 में हुई २८वीं कांग्रेस के विश्लेषण पर आधारित हो जिसमें येल्तसिन व उसके सहयोगीयों से स्वयं को कम्युनिस्ट पार्टी से अलग कर लिया था। सेमिन रिपाओं के एक लेख ने कहा, "Political stability is more necessary now than in any other period."[23] और जब येल्तसिन ने कांग्रेस के अंत में स्वयं को पार्टी से अलग कर लिया, "पार्टी कांग्रेस में आए प्रतिनिधियों ने पार्टी की एकता और मज़बूती बनाए रखने पर काफ़ी जोर दिया ।" और अन्त में निष्कर्षतः कहा कि "सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी ने स्वयं को एक बड़ी टूट से बचा लिया है ।" राजनीतिक स्थायित्व की इस समय किसी भी अन्य समय से अधिक ज़रूरत है।"[24] चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के आंकलन में और सोवियत

---

22. See *FBIS-CHI*, 11 July 1990, p. 4.
23. *FBIS - CHI*, 25 July 1990 pp. 10-11.
24. Yu Pin, "Will China and the USSR form another alliance?" Also, *Christian Science Monitor*, 8 March 1991.

कम्युनिस्ट पार्टी व गौर्बाचेव की तत्कालीन सोवियत परिस्थितियाँ में भूमिका के संदर्भ में परिवर्तन दिखाई देता है । यह संभव है कि यह परिवर्तन गौर्बाचेव के 'वर्गीय चरित्र' व उसके 'संशोधनवादी राजनीति' के प्रति न आकर सोवियत संघ में राजनीतिक उथल-पुथल तथा अन्तर्राष्ट्रीय परिदश्श्य के बारे में तत्कालीन रणनीतिक समझ के संदर्भ में आया, दो पर परिवर्तन आया यह साफ़ था । इस बारे में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का यह वक्तव्य इसे और साफ़ कर देता है ।

सोवियत संघ में तीन प्रभुत्वशाली समूह है । येलत्सिन के नेतस्व में रेडिकल, गौर्बाचेव के नेतस्व में सुधारवादी नरमपंथी तथा पोलोजकोव के नेतस्व में संकीर्णतावादी। चीनी कम्युनिष्ट पार्टी की सहानुभूति संकीर्णतावादी नेतस्व में है परन्तु उसकी ताक़त कमज़ोर हो चुकी है तथा 'पतन की ओर है' उसके सत्ता में वापसी के आसार बहुत कम हैं गौर्बाचेव का विकल्प येलत्सिन ही हो सकता है, इन परिस्थितियों में चीन का हित सबसे बेहतरी से गौर्बाचेव का सत्ताा में बने रहने से ही सिद्ध हो सकता है ।"[25]

इस तरह यह सम्पूर्णता एक राजनीतिक समझ से प्रेरित कदम था जिसने गौर्बाचेव से सहयोग की नीति अपनाकर येलत्सिन जैसे कम्युनिस्ट विरोधियों को दूर रखा जा सके ।

1.5 18-19 अगस्त 1991 को सोवियत संघ में गोर्बाचौव का तख़्ता पलट कर दिया गया, इस घटना के प्रति चीनी कम्युनिस्ट पार्टी व मीडिया का रूख समर्थन का रहा । इस कार्यवाही से पहले ची हाओतियन मास्को में थे ची दो बार सोवियत रक्षा मंत्री याजोव से मिले ।[26] के पश्चात ची चीन लौटे और 18 चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की पोलित ब्यूरो मीटिंग में शामिल हुए और संभावित तख़्ता पलट

25. Lu Gong, "Wide gap still exists between PRC, USSR", Ming bai, 15 May 1991, in FBIS - CHI, 16 May 1991 pp. 14-15.
26. Xihua, 12 April 1991, in FBIS - CHI, 13 August 1991, p. 6.

से पार्टी को अवगत कराया ।[27]

19 अगस्त को चीनी राष्ट्रीय चैनल ने सोवियत संघ में हुई घटना का सम्पूर्ण ब्यौरा दिया ।[28] २० अगस्त को लगभग सभी केन्द्रीय अख़बारों ने इसे प्रमुख ख़बर के रूप में छापा "Gorbachev suspended from performing his presidential duties."[29] २० अगस्त को एफबीआईएस चाईना रिपोर्ट में इसे भारी कवरेज मिली, गौर्बाचेव के हटाने और बाकी ख़बरों का रूख़ समर्थन में था । येलत्सिन के वारे में कोई ख़बर नहीं दी गई । रेनमिन रीपाओं के ओवरसीज प्रकाशन ने २० अगस्त को सोवियत संघ की आपातकालीन राज्य कमेटी उसके सदस्यों व सोवियत जनता के लिए उनकी अपील को प्रमुखता से छापा ।[30] उसी रोज बीजिंग रेडियो के हवाले से खबर प्रसारित की गई जिसके अनुसार, "पूर्वी यूरोप व सोवियत संघ में आर्थिक व सामाजिक समस्याओं, जीवन स्तर के पतन, मुद्रा स्फीति और बेरोज़गारी की बाढ़ की वजह राजनीतिक जीवन का उदारीकरण आर्थिक जीवन में बदलाव तथा बहुदलीय व्यवस्था की संस्था का आस्तित्व में आना थी ।" ("liberalization of political life, changes in economic life, and the institution of multi-party systems.")[31]

ज्यों ही तख़्ता पलट कुछ दिन में असफल हुआ चीनी मीडिया व अन्य प्रकाशनों ने सोवियत संघ के बारे में ख़बरों का प्रसारण कम हो गया । गौर्बाचेव की वापसी महत्वपूर्ण ख़बर को मात्रा २ वाक्यों में दिया गया 'गौर्बाचेव वापिस आ गए हैं और उन्होंने परिस्थितियों के नियंत्रण का दावा किया है ।[32] रेनमिन रिपाओ एकमात्र अख़बार था जिसने गोर्वाचौव की सत्ता में वापसी की ख़बर छपी

---

27. Ibid.
28. *SCMP*, 23 August 1991, in *FBIS - CHI*, 23 August 1991 p. 7.
29. Yeh Lu-ching, "CPC holds up Communism on its own."
30. *Renmin Ribao*, 20 August 1991, in *FBIS - CHI*, 20 August 1991 pp. 11-12.
31. *Beijing Radio*, 21 August 1991 in *FBIS - CHI*, 22 August 1991 pp. 1-2.
32. *FBIS - CHI*, 22 August 1991 p. 6.

I("restored his links with the nations which had been cut for a certain time.")[33]

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की 19 अगस्त को पोलित ब्यूरो मीटिंग हुई । तंग सियाओं पिंग ने बैठक में कहा, "चीनी कम्युनिस्ट पार्टी को ग़ौर से नज़र रखनी चाहिए कि क्या घटित हो रहा है और खुले रूप से अपना पक्ष तब तक नहीं रखना चाहिए जब तक स्थिति काबू में न आ जाएं, 'सोवियत तख़्ता पलट अच्छी चीज है ।"but we must not be visibly pleased but only delighted at the bottom of our hearts."[34] तंग ने कहा, "सार्वजनिक रूप से पार्टी को इस नीति पर टिकना चाहिए कि किसी देश के अंदरूनी मामले उसे देश की जनता की चिन्ता का विषय हैं ।" साथ ही यह भी कहा कि "चीन सोवियत संघ की स्थिति को ख़राब होते हुए नहीं देखना चाहता बल्कि सोवियत संघ को मजबूत ताक़तवर और स्थायी रूप में देखना चाहता है जहाँ लोग जीवन का सही आनन्द उठा सकें ।"[35]

19 अगस्त की पोलित ब्यूरो मीटिंग के पश्चात् तीन सूत्री दिशा-निर्देश चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के निचले स्तरों पर भेजे गए । प्रथम "गौर्बाचेव का पतन एक अच्छी चीज है ।" दूसरा "सोवियत आपातकालीन राज्य कमेटी को मान्यता मिलनी चाहिए क्योंकि इसे सच्चे मार्क्सवादियों ने बनाया है ।" तीसरा सोवियत संघ और चीन के बीच सम्बंधों को मजबूत बनाना चाहिए क्योंकि सोवियत यूनियन समाजवादी कैम्प में वापस आ गया है ।" यह निर्देश वापस मंगा लिए गए जब तख़्ता पलट असफल हो गया ।"[36]

---

33. *FBIS - CHI*, 22 August 1991 p. 5.
34. Tsai Yung-mei, "*Beiging's reactions*."
35. *FBIS-CHI*, 9 Sep. 1991, p. 10
36. Yeh Lu-ching, "CPC holds up Communism on its own." Tsai Yung-mei, "*Beiging's Reactions*."

पोलित ब्यूरो की एक अन्य बैठक में २० अगस्त को जियांग जैमिन के ज़रिए तंग ने नपा-तुला दष्टिकोण अपनाने को कहा, "चीन को अमेरीका विरोधी किसी भी मुहिम में सोवियत संघ के साथ गठजोड़ नहीं बनाना चाहिए ।"[37] साथ ही यह निर्देश भी पार्टी को दिए गए कि "सोवियत संघ की स्थिति बहुत अस्थायी दौर से गुज़र रही है और यह ज़रूरी है कि हम किसी सार्वजनिक बहस में शामिल न हों तथा पार्टी के दिशा निर्देश में चलें ।"

तख़्ता पलट के असफल होते ही चीन में सोवियत संघ के राजदूत एन एन सोलोवयेव ने चीनी विदेश मंत्री क्वीन-क्वीचन को गौर्बाचेव की तरफ़ से तीन बातें कहीं, "गौर्बाचेव स्वस्थ स्थिति में हैं, सोवियत संघ संवैधानिक शासन को दुबारा स्थापित करेगा और सोवियत संघ जल्द ही राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक स्थायित्व को स्थापित कर लेगा ।"[38] सम्भवतः यह चीन को सचेत करने के लिए भी हो कि वह गौर्बाचेव विरोधी तख़्ता पलट का समर्थन न करे । चीनी विदेश मंत्री ने कहा, "We respect the choice of the Soviet people made, and we believe that with the resumption by President Gorbachev of his duties, the good-neighbourly and friendly relations between China and the Soviet Union will continue to develop on the basis of the principles set forth in the 1989 and 1991 Sino-soviet joint communiqués."[39]

गौर्बाचेव के ख़िलाफ़ तख़्ता पलट की असफलता के पश्चात चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की आपातकालीन पोलित ब्यूरो मीटिंग निष्कर्ष पर पहुंचती है कि "गौर्बाचेव की सत्ता में वापसी एक प्रति क्रान्तिकारी पुनः स्थापना है ।" जो कि "शान्तिपूर्ण विकास का नतीजा है ।" जिसकी "रचना पश्चिमी देशों ने की" ओर नेतत्व अमेरिका ने दिया" गौर्बाचेव जनता का विश्वास खो चुका है । उसके

37. *FBIS-CHI*, 9 Sep. 1991, p. 10.
38. *FBIS-HI*, 23 August 1991, pp. 5-6.
39. *Beijing Radio*, 21 August 1991, in *FBIS-CHI*, 22 August 1991, p. 7.

सुधारों ने पिछले 6 सालों में सोवियत संघ की आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था को समाप्ति पर पहुँचा दिया है और देश का बिखराव इसका नतीजा है, उसकी 'नई सोच' वर्ग संघर्ष की मौजूदगी को नकार कर पूंजीवाद को पुनर्स्थापित किया है और विचारधारात्मक कन्फ्यूज़न को सोवियत यूनियन ने ऊपरी नेतत्व तक पैदा कर दिया है और प्रतिक्रियावादी व समाजवाद विरोधी ताक़तों को बढ़ावा दिया है। आपातकालीन राज्य कमेटी को लोगों ने समर्थन दिया यह असफल हो गई अपनी कमजोरियों तथा अमेरीका, फ्रांस और जापान के हस्तक्षेप के कारण ।"[40] चीनी कम्युनिष्ट पार्टी के अनुसार तख़्ता पलट की असफलता के कई कारण थे, "आपातकालीन राज्य कमेटी का लोकतान्त्रिक प्रक्रियाओं पर अधिक विश्वास कानूनन कार्य करना, गौर्बाचेव वयेल्लसिन को व अन्य प्रतिक्रान्तिकारियों के ख़िलाफ़ सही तरीक़ों का इस्तेमाल न करना, उनका बाहरी दुनिया से सम्बंध समाप्त न कर पाना, सेना पर सही तरीक़े से नियन्त्राण क़ायम न हो पाना, चीन ने आपातकालीन राज्य कमेटी को समर्थन दिया क्योंकि चीन चाहता था कि सोवियत संघ अमेरिका का प्रतिरोध करने वाली मजबूत ताक़त बना रहा।"[41] 31 अगस्त 1991 को समाचार पत्रों के सम्पादकों को सम्बोधित करते हुए "गाओ ती" ने अपने शब्दों में केन्द्रीय समिति के सोवियत तख़्ता पलट की घटना के बारे में राय रखते हुए कहा,

